विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 117 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 28 जनवरी 2025 डाक 29 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर अनुष्ठान करते हुए





**देश-विदेश**
12वीं का छात्र हॉस्टल की छत से कूदा अच्छे नंबर लाने के दबाव में था... प्रधानाचार्य सहित तीन शिक्षक सस्पेंड





**फीचर**
हिंद विद्यालय में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस




# भगवान आदिनाथ के निर्वाण महोत्सव पर मंच टूटा, सात श्रद्धलुओं की मौत, 70 से अधिक घायल





**बागपत, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

बड़ौत में मंगलवार सुबह भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व के मौके पर श्री दिगंबर जैन डिग्री कालेज के मैदान में 65 फीट ऊंचा मंच टूटने से सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 75 लोग घायल हो गए।सुबह करीब आठ बजे श्री 1008 आदिनाथ भक्तांबर प्रचार के तत्वावधान में मोक्ष कल्याणक निर्वाण महोत्सव के तहत भगवान आदिनाथ के अभिषेक के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। मान स्तंभ परिसर में बनाए गए अस्थायी मंच की लकड़ी की सीढ़ियां टूटने से मंच गिर गया और करीब 80 श्रद्धालु घायल हो गए। एडीएम पंकज वर्मा ने अब तक सात लोगों की मौत की पुष्टि की है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। एसडीम मनीष कुमार का कहना है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और घायलों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। हादसे के बाद घायल श्रद्धालुओं को तुरंत चिकित्सा सुविधा नहीं मिल सकी। एंबुलेंस की अनुपलब्धता के चलते उन्हें ई-रिक्शा के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया।

कई श्रद्धालुओं की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही बड़ौत कोतवाली इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने भगदड़ पर काबू पाते हुए घायलों को अस्पताल भिजवाया। मौके पर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।हादसे को लेकर प्रशासन और आयोजकों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि अस्थायी सीढ़ियां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का भार सहन नहीं कर पाईं और टूट गईं। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और आपदा प्रबंधन की कमी को लेकर लोग नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।घटना से गुस्साए श्रद्धालुओं ने आयोजन में सुरक्षा उपायों की कमी और प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों के जुटने के बावजूद आपातकालीन सुविधाओं की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई थी। इस हादसे के बाद प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। एसडीम मनीष कुमार का कहना है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और घायलों को हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी।

## ट्रैक्टर और बोलेरो के बीच टक्कर, मौनी अमावस्या स्नान के लिए जा रहे चार लोगों की मौत

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। ट्रैक्टर और बोलेरो के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां मौनी अमावस्या स्नान के लिए जा रहे एक परिवार की महिला समेत चार सदस्यों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। मंगलवार तड़के मुंशीगंज में कान्हा ढाबा के पास बोलेरो की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। टक्कर में बोलेरो के परखच्चे उड़ गए, जबकि ट्रैक्टर सवार मौके से फरार हो गया। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया। तभी पुलिस मौके पर पहुंची, जहां बोलेरो में सवार कुल छह लोगों को अस्पताल पहुंचाया।

## महाकुंभ के सेक्टर पांच में लगी आग, कई टेंट जले, फायर ब्रिगेड और पुलिस ने पाया काबू

**प्रयागराज 28 जनवरी।** महाकुंभ में स्नान के करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इसी बीच मंगलवार सुबह सेक्टर पांच खाकचौक स्थित महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम दास के शिविर में आग लग गई। भड़की आग की लपटों ने तेज हवा के कारण दूसरे शिविर को भी चपेट में ले लिया। कई टेंट जल गए हैं। गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई। अग्निशमन और पुलिस ने टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला और आग पर काबू पाया। आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई है।

## कांस्टेबल सौरभ शर्मा अब लोकायुक्त की गिरफ्त में, परिवहन घोटाले का होगा पर्दाफाश



**भोपाल।** परिवहन घोटाले के मुख्य आरोपी परिवहन विभाग के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा को मंगलवार को लोकायुक्त पुलिस ने न्यायालय परिसर के बाहर से हिरासत में ले लिया है। सौरभ शर्मा राजधानी के न्यायालय में सरेंडर करने जा रहा था, तभी उसे बाहर से लोकायुक्त पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। यह दावा सौरभ के अधिवक्ता ने किया है। सौरभ के वकील राकेश पाराशर ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल लोकायुक्त में सरेंडर करने आ रहा था तभी उसे न्यायालय के बाहर से हिरासत में ले लिया गया है। सौरभ के अधिवक्ता का आरोप है कि लोकायुक्त ने नियम विरुद्ध उसे हिरासत में लिया है। उनकी मांग है कि सौरभ का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। उसके साथ ही उसकी वीडियोग्राफी की जाए। इसकी तीन कॉपी बनाकर न्यायालय, लोकायुक्त और उन्हें सौंपी जाए। ज्ञात हो कि पिछले माह दिसंबर में सौरभ शर्मा के खिलाफ तीन जांच एजेंसियों और लोकायुक्त, आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय ने कार्रवाई की थी। इस दौरान एक कार में 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपए नगदी मिले थे। इसके अलावा सौरभ और उसके करीबी चेतन सिंह गौर के निवास पर ढाई क्विंटल से ज्यादा की चांदी बरामद की गई थी।

## महाकुंभ जा रही ट्रेन पर हमला, मचा हड़कंप,दहशत में आ गए यात्री

**झांसी।** संगम नगरी में जारी महाकुंभ के बीच झांसी से प्रयागराज जा रही ट्रेन पर भीड़ के हमले का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि प्रयागराज जा रही ट्रेन पर हरपालपुर स्टेशन पर हमला किया गया है। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने ट्रेन पर तोड़फोड़ करने के साथ पथराव भी किया। घटना झांसी मंडल के हरपालपुर स्टेशन की है। बताया जा रहा है कि भीड़ ने ट्रेन पर इतना खतरनाक हमला किया कि बोगी में सवार यात्री दहशत में आ गए। हमले से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में नजर आ रहा है कि भीड़ में शामिल कई लोग ट्रेन की बोगी पर पथराव कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि भीड़ ट्रेन के अंदर घुसने की कोशिश कर रही थी, लेकिन जब लोग अंदर नहीं घुस पाए तो उन्होंने बोगी के गेट और खिड़कियां तोड़ डालीं।

## कुंभ स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं की कार कंटेनर से टकराई, 3 की मौत



**सागर, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

राहतगढ़ थाना क्षेत्र के भोपाल रोड पर मंगलवार सुबह कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की कार सामने से आ रहे कंटेनर से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक घायल हो गए हैं।टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। कार की बॉडी को काटकर घायलों और शवों को बाहर निकाला गया। तीनों शवों को राहतगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, धार जिले के धर्मपुरी निवासी 6 युवक कार से प्रयागराज में कुंभ स्नान के लिए जा रहे थे, तभी राहतगढ़ के पास मसूरयाई के मोड पर तड़के सुबह करीब चार बजे उनकी कार सामने से आ रहे कंटेनर से जा टकराई।

तेज रफ्तार में हुई इस टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार में आगे की सीट पर सवार धरमपुरी जिला धार निवासी 44 वर्षीय अजय जायसवाल, 40 वर्षीय अप्पू उर्फ अरविंद कानून और 45 वर्षीय देवेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।कार में पीछे बैठे आशीष जायसवाल, सनी जायसवाल और दिनेश केवट घायल हो गए, जिन्हें राहतगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलने पर आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## अरुणाचलप्रदेश के गृह मंत्री ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई



अरुणाचल प्रदेश के गृह मंत्री मामा नटुंग ने अपनी पत्नी मानकी नटुंग के साथ पवित्र संगम में डुबकी लगाई। दंपत्ति ने गोवर्धन मठ के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ के आश्रम में आयोजित यज्ञ में भी भाग लिया। पीटीआई से बातचीत में नटुंग ने कहा, मैंने पहले भी कई बार गंगा में डुबकी लगाई है। लेकिन मैं प्रयागराज में कुंभ में पहली बार भाग ले रहा हूं, वह भी महाकुंभ में। अपने परिवार के साथ यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम आचार्यजी (स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ) के आश्रम गए, गंगा में डुबकी लगाई और यज्ञ में भी भाग लिया। नटुंग ने कहा, 144 साल बाद हो रहे महाकुंभ में डुबकी लगाना बहुत सुखद एहसास देता है। मैं सभी से यहां आने, डुबकी लगाने और मां गंगा और देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधु-संतों का आशीर्वाद लेने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा, मैं तीर्थयात्रियों की सुगम आवाजाही से लेकर उनके ठहरने तक की व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अरुणाचल प्रदेश सरकार की ओर से धन्यवाद देना चाहता हूं।÷ पूर्वोत्तर के समग्र विकास पर टिप्पणी करते हुए नटुंग ने कहा, ÷नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनने के बाद पूर्वोत्तर में जो विकास हुआ है - चाहे वह आतंकवाद विरोधी हो, राजमार्ग, रेलवे या डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में हो - मैंने पहले कभी ऐसा नहीं देखा।


गणतंत्र दिवस के 75वीं वर्षगांठ पर जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा
संचालक - पतंजलि चिकित्सालय
अध्यक्ष - आयुष मेडिकल एसोसिएशन
सचिव - लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई
सुखसागर कश्यप
प्रबंधक/प्रभारी
सेवा सहकारी समिति घुठिया

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई ...

HAPPY REPUBLIC DAY
PROUD TO BE INDIAN
-: शुभेच्छु :-
मे. महावीर कोल वाशरीज प्रा.लि.
ग्राम : भिलाई, बलौदा
जिला : जांजगीर चांपा (छ.ग )

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई
मनीष पाण्डेय
प्रबंधक
तुषार सिंह
धान खरीदी प्रभारी
सेवा सहकारी समिति जांजगीर

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई
मनेन्द्र शुक्ला
प्रबंधक
रजनीकांत तिवारी
धान खरीदी प्रभारी
सेवा सहकारी समिति बोड़सरा

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई
रामकुमार साहू
प्रबंधक/प्रभारी
सेवा सहकारी समिति बनारी

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई
दीपक यादव
प्रभारी धान खरीदी
जितेंद्र सिंह ठाकुर
प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति अमोदा

## केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने किया ध्वजारोहण

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस







कोरबा । कोरबा जिला मुख्यालय में आज 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कोरबा के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि आवासन एवं शहरी कार्य केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू उपस्थित थे। श्री साहू ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का छत्तीसगढ़ वासियों के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर अनेकता में एकता के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के शहीदों के परिजनों को शॉल, श्रीफल भेंट कर विशेष सम्मान किया गया और वीर सेनानियों की शहादत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

मुख्य कार्यक्रम में परेड कमांडर सुबेदार अनंत राम पैंकरा के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्रबल, जिला पुलिस बल पुरूष, छत्तीसगढ़ नगर सेना महिला, छत्तीसगढ़ नगर सेना पुरूष, एनसीसी पुरूष और एनसीसी महिला, स्काउट-गाईड की टीम ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। हर्ष फायर कर पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई।

परेड में जिला पुलिस बल को मिला प्रथम स्थान - मार्च पास्ट में आठ टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रोफेशनल वर्ग में जिला पुलिस बल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, द्वितीय तथा जिला पुलिस बल महिला को तृतीय स्थान मिला। सांत्वना पुरस्कार नगर सेना को दिया गया। परेड नॉन प्रोफेशनल वर्ग में प्रथम स्थान एनसीसी सीनियर डिवीजन महिला, द्वितीय स्थान एनसीसी सीनियर डिवीजन पुरूष और तृतीय स्थान स्काउट गाइड सीनियर डिवीजन, स्काउट दल सीनियर डिवीजन की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय रामपुर को मिला प्रथम पुरस्कार- गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल में समा बांध दिया। दिव्य ज्योति विषेश विद्यालय रामपुर कोरबा को प्रथम स्थान, सेंट जेवियर स्कूल कोरबा को द्वितीय स्थान, न्यू एरा विद्यालय को तृतीय पुरस्कार और सेंट पैलोटी विद्यालय को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

झांकी में आदिवासी विकास विभाग रहा प्रथम - गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में आज 14 शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। आदिवासी विकास विभाग की झांकी को प्रथम स्थान, महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी को द्वितीय स्थान, स्वास्थ्य विभाग की झांकी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। शिक्षा विभाग की झांकी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वर्गीय प्रदीप महतो के द्वारा देहदान दिये जाने पर उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय पेंटिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सुश्री अनुष्का को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अजीत वसंत, एसपी श्री सिद्धार्थ तिवारी, निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग सहित जिला तथा पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं आम जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कलेक्टर अजीत वसंत ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट में फहराया तिरंगा



**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट में राष्ट्रध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने एकता में अनेकता के प्रतीक गुब्बारे भी छोड़े। उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी व अपने शासकीय उत्तरदायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राष्ट्र की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। श्री वसंत ने देश के संविधान में उल्लेखित नियमों और प्रावधानों को आधार मानकर राज्य में बने नियमों तथा कानूनों से ही शासकीय कार्यों के निष्पादन पर जोर दिया और जन कल्याण की भावना को बनाये रखने की अपील की। उन्होंने जिले में टीम भावना से कार्य करते हुए विकास के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए सभी लोगों तक शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन की बात कही।

ध्वजारोहण के पश्चात् कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों ने भी गणतंत्र दिवस की शुभकामना संदेश सबके साथ साझा किये। इस दौरान निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर निवास में भी फहराया गया राष्ट्रध्वज- कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर निवास में भी राष्ट्रध्वज फहराया और उपस्थित कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

## आगामी आदेश तक जनदर्शन स्थगित, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतो के आम निर्वाचन 2025 को दृष्टिगत रखते हुए प्रति सप्ताह आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन को आगामी आदेश तक स्थगित करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने पूर्व में जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण करने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## बीकन स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**कोरबा।** पूरे देश में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुसमुंडा के बीकन इंग्लिश स्कूल में भी इस महापर्व के अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया था, जिसमें मुख्य तौर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की गई। स्कूल की एक अनोखी परंपरा को कायम रखते हुए ध्वजारोहण मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य के.जी.कुरियन के आदेशानुसार अध्यापिका कविता रंजन द्वारा किया गया। बीकन स्कूल में प्रत्येक राष्ट्रीय पर्व पर अलग-अलग अध्यापकों को ध्वज फहराने का अवसर मिलता है। संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य कुरियन के कुशल नेतृत्व में सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं की भूमिका सराहनीय रही।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए सुरजीत चौहान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित



**कोरबा** । गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिले में शासकीय सेवाओं में विशिष्ट कार्य करते हुए विभागीय कार्या और योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने जिला जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ सहायक सूचना अधिकारी श्री सुरजीत सिंह चौहान को शासकीय योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार करने, विभागीय योजनाओं पर आधारित सफलता की कहानी जारी करने, विभागीय दायित्वों का कुशल निर्वहन करने एवं अवकाश दिनों में भी कार्यों में निरंतर योगदान देने पर पुरस्कृत किया। इसी तरह उत्कृष्ट कार्यों हेतु नगर पालिक निगम के राजस्व निरीक्षक श्री अविनाश जायसवाल, जिला कार्यालय से सहायक ग्रेड-3 श्री तेजराम चंद्रा, तहसील कार्यालय हरदीबाजार के सहायक ग्रेड-3 श्री ऋषि प्रसाद देवांगन, प्रभारी सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री के.आर.टंडन सहित विभिन्न विभागों के कुल 85 अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया।

## कोरबा के विकास की गंगा को हमारी सरकार बढ़ा रही आगे- लखन देवांगन

**कोरबा** । नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी का मुद्दा विकास होगा। राज्य सरकार ने विकास को तेज गति से आगे बढ़ाने का काम किया है। अल्प समय में ही हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा किया है। पिछले 10 साल में नगर निगम में विकास कार्य रूके हुए थे, जिसे हमने एक साल के भीतर आगे बढ़ाने का काम किया है। हम नगर निगम को भ्रष्टाचारमुक्त निगम बनाएंगे। उक्त कथन प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित एक पत्रकारवार्ता के दौरान वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कही। श्री देवांगन ने आगे कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर लगातार कार्यवाही कर रही है। जो-जो पकड़ में आ रहे हैं वे जेल जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है। नगरीय निकाय में उम्मीदवार पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ते हैं। ग्राम पंचायत में कोई सिम्बॉल नहीं होगा। पार्टी के समर्थक जो चुनाव लड़ते हैं पार्टी उनका समर्थन करती है। जनता जानती है इस आधार पर चयन करती है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय, जिला पंचायत, जनपद में भाजपा का महापौर और अध्यक्ष बनेंगे। प्रेसवार्ता में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि उन्हें जिम्मेदारी मिलने के कुछ दिन बाद ही चुनाव की डेट आ गई। जल्द ही चुनाव के बाद जिला संगठन की घोषणा की जाएगी।

## क्रांतिकारियों के त्याग से मिली स्वाधीनता:दुबे




**कोरबा।** ग्रामीण अंचल में आधुनिक संस्कार युक्त शिक्षा प्रदत्त करने को कृत संकल्पित आर्यन पब्लिक स्कूल हरदी बाजार, गेवरा बस्ती एवं झाबर में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर तिरंगा झंडा फहराया गया एवं प्रभात फेरी निकाली गई। ग्राम हरदी बाजार में संस्था के संस्थापक सेवा निवृत्त फारेस्ट आफिसर श्री कृष्ण मुनी दुबे ने झंडा फहराया । सर्वप्रथम उन्होंने मां सरस्वती एवं भारत माता की पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर छात्र छात्राओं नें सरस्वती वंदना की । इस अवसर पर विद्यालय परिसर पूर्व दीपिका रोड हरदी बाजार से लेकर बस स्टैंड तक रानी अहिल्याबाई होलकर की 350 वीं जयंती के अवसर पर छात्राओं द्वारा उनकी भव्य झांकी निकाली गई । ग्राम- दीपका में संचालित आर्यन पब्लिक स्कूल में सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक श्री अजय कुमार दुबे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस आजादी को प्राप्त करने में हमारे लाखों क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है । अतः इस आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखना आप सभी का प्रथम कर्तव्य है। इसके लिए सदैव प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। तत्पश्चात बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। जिसमें क्षाबर के समस्त ग्राम वासी शामिल हुए। गेवरा बस्ती में संचालित आर्यन पब्लिक स्कूल संस्थान में एस ई सी एल कुसमुंडा में पदस्थ स्टाफ आफिसर श्री बिजाय बनर्जी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एस ई सी एल कुसमुंडा में पदस्थ नोडल आफिसर माइनिंग श्री उज्वल बनर्जी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरदी बाजार संस्था की प्राचार्य श्रीमती मंजू अजय दुबे, गेवरा बस्ती की प्राचार्य श्रीमती अतोशी बनर्जी एवं दीपका की प्राचार्य श्रीमती चंद्रकला राठौर व शिक्षक शिक्षिकाओं श्रीमती गोदावरी देवांगन, यशोदा पाटले, संभावी जायसवाल, कु .इशा नायक,कु .खुशबू जायसवाल, कु.सिद्धि,कु. वेलिया चंद्रा, श्रीमती सरस्वती, श्रीमती रेवती यादव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किये गये है। जिसमें ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत पंच/सरपंच/जनपद पंचायत सदस्य हेतु तहसीलदार कोरबा श्री सत्यपाल राय मोबाइल नंबर 9752902661 को रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद सीईओ कोरबा श्रीमती कौशम्बी गबेल को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जिले मुख्यालय में पदस्थ राज्य प्रशासनिक अधिकारियों को सौपें गए प्रभार

**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने प्रशासनिक व्यवस्था के मद्देनजर जिला कार्यालय में पदस्थ राज्य प्रशासन सेवा के अधिकारियों को आगामी आदेश पर्यन्त तक कार्यो का प्रभार आबंटित किया है। जिसके अंतर्गत डिप्टी कलेक्टर श्री शशिकांत कुर्रे को भू अभिलेख शाखा, सिटी मजिस्ट्रेट, मसाहती ग्रामो का सर्वेक्षण एवं नक्शा प्रकाशन, प्रतिलिपि शाखा, अभिलेख प्रकोष्ठ(राजस्व व आंग्ल), पुरातत्व एवं संस्कृति, छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम-2011, आयुक्त बिलासपुर संभाग द्वारा ली जाने वाली मीटिंग एवं अन्य मीटिंग हेतु संधारित होने वाली जानकारी भेजना साथ ही कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी द्वारा सौपें गए अन्य कार्यो के निर्वहन की जिम्मेदारी दी गई है।

इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर सुश्री रश्मि वर्मा को जनगणना, प्रपत्र लेखन एवं मुद्रण(प्रपत्र शाखा), वरिष्ठ लिपिक एवं अति वरिष्ठ लिपिक शाखा , अल्प संख्यक, भू-बंटन, मुख्यमंत्री भार घोषणा, राजस्व आंकिक, अल्प बचत, बैंक से सम्बंधित समस्त कार्य(लीड बैंक नोडल) तम्बाकू उत्पादन अधिनियम 2003, ऋण भारमुक्त प्रमाण पत्र, छ. ग. साहूकारी अधिनियम 1934, दस्तावेज प्रमाणित शाखा का शिकायत शाखा विशेष कक्ष (प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री जनदर्शन (ऑनलाइन), अन्य मंत्री से प्राप्त शिकायत, जनशिकायत निवारण प्रकोष्ठ व पंजीयन, मुख्यमंत्री जनदर्शन(जनदर्शन)एवं कलेक्टर जनदर्शन(जनदर्शन), लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा के प्रश्नों का उत्तर तैयार कर नोडल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना, आवक जावक, समय सीमा बैठक की संपूर्ण जानकारी देने सहित कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी द्वारा सौपें गए अन्य कार्यो के निर्वहन के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर/आयुक्त नगर निगम/ सीईओ जिला पंचायत सहित अन्य अधिकारियों की अनुपस्थिति में संयोजन अधिकारियों की गई है व्यवस्था-जिला मुख्यायल में पदस्थ कलेक्टर/ नगर निगम आयुक्त/सीईओ जिला पंचायत/अपर कलेक्टर/संयुक्त/ डिप्टी कलेक्टर के अनुपस्थिति अथवा अनुपलब्धता के दौरान लिंक अधिकारियों की व्यवस्था की गई है। जिसके अंतर्गत कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अनुपस्थिति की स्थिति में आयुक्त नगर निगम श्री आशुतोष पाण्डेय को संयोजक अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार आयुक्त नगर निगम श्री आशुतोष पाण्डेय की अनुपस्थिति की स्थिति में सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश नाग की अनुपस्थिति की स्थिति में आयुक्त नगर निगम श्री आशुतोष पाण्डेय, अपर कलेक्टर कटघोरा श्री अनुपम तिवारी की अनुपस्थिति की स्थिति में संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे की अनुपस्थिति की स्थिति में अपर कलेक्टर कटघोरा श्री अनुपम तिवारी, संयुक्त कलेक्टर श्री कौशल प्रसाद तेंदुलकर की अनुपस्थिति की स्थिति में डिप्टी कलेक्टर श्री शशिकांत कुर्रे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ऋचा सिंह की अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर सुश्री रश्मि शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री शशिकांत कुर्रे की अनुपस्थिति में संयुक्त कलेक्टर श्री कौशल प्रसाद तेंदुलकर, डिप्टी कलेक्टर, सुश्री रश्मि वर्मा की अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर सुश्री ऋचा सिंह संयोजक अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।



## कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी उषा तिवारी ने भरा नांमाकन

**कोरबा।** महापौर और अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की घोषणा होने के साथ ही उनके नामांकन दाखिल करने का दौर शुरु हो गया है। सोमवार को नगर निगम कोरबा से कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी उषा तिवारी ने कांग्रेस नेताओं के साथ जिला कार्यालय पहुंचकर अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इस दौरान उनके साथ वर्तमान महापौर राजकिशोर प्रसाद,सभापति श्याम सुंदर सोनी,पूर्व सभापति संतोष राठौर के साथ ही पार्टी के अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संजू देवी ने दाखिल किया पर्चा

**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव के तहत प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले को लेकर राजनीतिक दलों का जमघट यहां पर लगा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं की भीड़ यहां पर लगी रही। इसी कड़ी में भाजपा की महापौर प्रत्याशी संजू देवी राजपूत ने भाजपा नेताओं के साथ यहां पहुंचकर अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इस दौरान उनके साथ नगर निगम के पूर्व महापौर जोगेश लांबा,पूर्व पार्षद बलराम विश्वकर्मा सहित भाजपा के अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पेडन्यूज, भ्रामक समाचारों पर रखी जाएगी कड़ी नजर

**कोरबा** । कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी तथा मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष श्री अजीत वसंत के दिशा-निर्देशन में जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतो के आम निर्वाचन हेतु आचार सहिंता के प्रभावशील होने के साथ ही जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की कामकाज प्रकिया सक्रिय रूप से प्रारंभ हो गया है। इस हेतु तीन अलग-अलग इकाई प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम बनाया गया है। नगरीय क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ होने के साथ ही प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रकाशित विज्ञापनों तथा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने वाले पेड न्यूज पर विशेष नजर रखी जाएगी। प्रतिदिन प्रकाशित और प्रसारित समाचारों के साथ विज्ञापनों पर सतत निगरानी रखने के साथ अखबारों के कतरन, स्क्रीन शॉट और विजुअल संग्रहित किए जाएंगे। इसी प्रकार भ्रामक विज्ञापनों एवं समाचारों पर भी नजर रखते हुए कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि राज्य निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी बिन्दुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार पर नियमानुसार कार्यवाही का प्रावधान है। नगरीय निकाय के आम निर्वाचन के लिए गठित एमसीएमसी द्वारा इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, शोसल मीडिया आदि पर जारी किये जाने वाले विज्ञापनों की सतत मानिटरिंग की जाएगी। विज्ञापन प्रकाशित होने पर जो भी खर्च है उसे अभ्यर्थी के खाते में जोड़ा जाएगा। अलग-अलग इलेक्ट्रानिक चैनलों में यदि एक ही तरह के फोटो और मैटर लगातार एक ही अभ्यर्थी के पक्ष में प्रचारित हो तो ऐसे समाचार प्रसारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ऐसे सभी समाचार पेड न्यूज की श्रेणी में शामिल होंगे तथा उसका खर्च संबंधित अभ्यर्थी के निर्वाचन खर्च में जोड़ा जायेगा। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज की मानिटरिंग की जाएगी। पेड न्यूज होने पर उसकी जानकारी समिति द्वारा रिटर्निंग आफिसर को दिया जायेगा। रिटर्निंग आफिसर द्वारा उम्मीदवार को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाएगा।

# शारीरिक संबंध बनाने के बाद विवाद पर युवती की हत्या

**सक्ती।** थाना सक्ती को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम जाजंगीर भाठापारा के बाबूलाल सिदार के घर के बाडी के पैरावट के पास एक युवती की अर्धनग्न हालत मे लाश मिली। पुलिस ने जांच के साथ इस मामले की गुत्थी सुलझाई।

थाना सक्ती प्रभारी, सायबर सेल प्रभारी, मालखरौदा प्रभारी, बाराद्वार प्रभारी की अलग अलग टीम बनाकर आरोपी पता तलास हेतु लगाा गया था तथा जांजगीर से फोरेसिंक टीम को बुलाकर जांच मे लिया गया था। मृतिका की पहचान किया गया। मौके पर लकेश्वर सिदार पिता संतराम सिदार उम्र 24 वर्ष साकिन जाजंग भाठापारा की सूचना पर मौके पर मर्ग कायम कर मर्ग जांच प्रारंभ कर घटना स्थल निरीक्षण, शव का निरीक्षण मृतिका के परिजनो एवं गवाहो के कथन एवं परिस्थिती जन्य साक्ष्य के आधार पर प्रथम दृष्टया धारा 103(1) बीएनएस अपराध आरोपी रेशम लाल सिदार पिता धनेश्वर सिदार उम्र 26 वर्ष साकिन जाजंगीर थाना सक्ती जिला सक्ती (छ0ग0) के द्वारा घटीत करना पाये जाने से थाना सक्ती मे अपराध क्रमांक 33/2025 धारा 103(1) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान गवाहो के कथन तथा आरोपी को हिकमा तमली तथा मनोवैज्ञानिक तरिके से पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 25.01.2025 के रात्री मे करीबन 11.00 बजे मोबाईल के माध्यम से मेरे पडोस मे रहने वाली मृतिका से



बातचीत हुई तो अपने साथी रामेश्वर पटेल को बताया कि मै अपने प्रमिका से मिलने के लिए उसके घर जा रहा हुॅं। फिर मै उससे मिलने के लिए उसके घर उसके बाडी के पिछे से उसके घर के छत मे गया और दोनो के सहमति से शारीरीक संबंध बनाये। फिर मृतिका अपने मोबाईल से मुकेश से बात करते करते सीढी से निचे उतरते समय सिढी से मृतिका गिरी तो उसके माथे मे चोट लगा। मृतिका मुझे बोली कि तुम जल्दी चले जाओ मुकेश आ रहा है तो मै मृतिका के घर के बाडी के दिवाल को फांदकर बाबु लाल के बाडी मे पहुचा। मेरे पिछे पिछे मृतिका भी दिवाल को फांदकर आ गई। दिवाल को फांदते समय मेरे पाकिट मे रखा चार सौ दस रूपये वही पर गिर गया था। बाबु लाल के बाडी मे फिर से हम दोनो के बीच शारीरिक संबंध बनाये इसी बीच मै मृतिका को बोला कि तु मुकेश को छोड दे तो वह बोलने लगी जिस से मेरे द्वारा मना करने पर वह गुस्से मे आकर मेरे गले एवं गाल को नाखुन से नोचकर तीन चार तमाचा मार दी तो मै गुस्से मे आकर उसके गला को दबा दिया जिससे उसका जीभ बाहर निकल गया और वह मर गई तो मै घबराकर उसके लास को खीचकर थोडी दुर मे रखे पैरावट के पास रखकर बाबुलाल के बाडी से रोड की ओर बाहर निकला तो रोड मे मुकेश और लोचन खडे थे। कुछ देर बाद मै बाडी के पिछे तरफ से जाकर मृत्तिका के उतारे लेगिस एवं मोबाईल को अपने साथ ले जाकर लेगिस एवं मोबाईल को छिपाकर रखा था जिसे आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर विधिवत जप्त किया गया है। आरोपी का कृत्य सदर धारा 103(1) बीएनएस का घटित करना सबुत पाये जाने से गिरफतार नयायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# सिंचाई करने खेत गए किसान का शव मिला मर्ग कायम



**जांजगीर।** बोरदा फाल में एक किसान की लाश मिली है। किसान शनिवार को अपने खेत में सिंचाई के लिए नहर से पानी छोड़ने गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। खोजबीन के बाद सोमवार सुबह युवक की नहर में लाश मिली। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे बोरदा नहर फाल के पास शव को देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलिस की मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से लाश को पानी से बाहर निकाला और उसके संबंध में पूछताछ की। मृतक की शिनाख्त राहौद निवासी जय कुमार गोंड़(38) के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं और पेट से पानी निकला हुआ है। पुलिस ने जांच के लिए पानी के नमूने को लैब भेजा है। परिजन ने बताया कि जय कुमार के लापता होने के बाद उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में तलाश की थी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने का कहना है संभवतः नहर में पैर फिसलने से डूबकर मौत हुई होगी।

## राम कथा सुनने उमड़ रही राम भक्तो की भीड़

**जांजगीर।** जागृति महिला मंडल की ओर से शंकर नगर में संगीतमय राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन कथावाचक



पंडित सागर मिश्रा ने श्रद्धालुओं को राम जन्म की कथा सुनाई। 27 जनवरी को मंगल यात्रा केंवट यात्रा, 28 को भरत चरित्र, 29 जनवरी को शबरी प्रेम, 30 जनवरी को सुंदरकांड श्रीराम राज्याभिषेक की कथा सुनाई जाएगी।

# बाईक की ट्रेलर से भिड़ंत में परिवार के दो सदस्यों की मौत



**जांजगीर।** अमरताल ब्लैक स्पॉट के पास 26 जनवरी को ट्रेलर वाहन ने बाइक सवार लोगों को अपनी चपेट में लिया है। इस हादसे में पिता और बेटी की गई जान, वहीं मां गंभीर रूप से घायल हो गई है। ट्रेलर की रफ्तार इतनी थी कि ठोकर से पिता व बच्ची को करीब 50 मीटर तक घसीटता रहा।

जांजगीर थाना क्षेत्र के ग्राम सुकली निवासी केशव राठौर (42) अपनी बेटी पूर्णिमा राठौर(13) व पत्नी बृहस्पति राठौर को लेकर बाइक सीजी 11 सीके 5032 में ससुराल नरियरा जाने के लिए निकले हुए थे। वे हाईवे 49 पर ग्राम अमरताल से थोड़ी दूर पावर प्लांट गेट के पास पहुंचे थे कि ट्रेलर सीजी 10 बीपी 5026 के चालक तेजी और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए केशव की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से केशव प्रसाद राठौर व पूर्णिमा राठौर की मौके पर ही मौत हो गई। बृहस्पति राठौर को हाथ पैर व शरीर पर गंभीर चोट लगी। सड़क हादसे के बाद गुस्साए लोगों चक्काजाम व विरोध प्रदर्शन कर दिया। पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। तहसीलदार और पुलिस टीम ने लोगों को समझाया और मृतकों के परिजनों को 50 हजार मुआवजा राशि दी।



## गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**चंडीपारा।** विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। साथ ही वार्षिक खेलकूद में विजय प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र व अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसमें बेस्ट शिविर नायक के लिए जतिन टंडन व दल नायक के लिए जया बंजारे को अवार्ड दिया। कक्षा 10वीं में विद्या निकेतन में प्रथम आने पर हिमांशी साहू 92 प्रतिशत को सनत लहरे की स्मृति में 1000 का नकद पुरस्कार और मोमेंटो से सम्मानित किया।

समीर पटेल कक्षा 10वी को ड्रीम लैंड में प्रथम 93 प्रतिशत आने पर 1000 नकद पुरस्कार और मोमेंटो से सम्मानित किया। सौम्या पीटर को दूसरे स्थान के लिए सम्मानित किया। मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार पांडे (संचालक, विद्या निकेतन व ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ ) उपस्थिति थे। विशिष्ट अतिथि अंकित खरे (सहायक जेल अधीक्षक, सेंट्रल जेल रायपुर), साकेत मिश्रा ( शिक्षक पामगढ़) हीरा प्रसाद खरे (पूर्व प्राचार्य, महामाया हायर सेकेंडरी स्कूल पामगढ़) उपस्थित रहे। रंगारंग कार्यक्रम का संचालन निषेध तिवारी, वीरेंद्र कुमार खुटे व नेहा खरे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक कुमार मिरे प्राचार्य, विद्या निकेतन उमावि पामगढ़, दीपक प्रधान प्राचार्य ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़, उप प्राचार्य अर्जुन लाल यादव, तुलसी यादव, अखिल शुक्ला समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# चित्रलेखा और गंगोत्री में से किसी एक को चुनने के लिए लोगों के पास मौका

### नगरीय निकाय चुनाव . शक्ति प्रदर्शन कर आज भाजपा प्रत्याशी जमा करेंगे नामांकन पत्र

**जांजगीर।** नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर भाजपा और कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। राजनीतिक दलों के नेता अब अपने-अपने प्रत्याशियों को लेकर अपनी रणनीतियों को तेज कर रहे हैं और मैदान में उतरकर अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, साथ ही भीतरघात और गुटबाजी की संभावना भी इन चुनावों में जताई जा रही है। इससे राजनीतिक परिदृश्य और भी दिलचस्प हो गया है।

भारतीय जनता पार्टी ने 25 जनवरी को अधिकृत अध्यक्ष और पार्षदों की अधिकृत उम्मीदवारों की घोषणा की है। सूची जारी होते ही पार्टी के नेता चुनावी माहौल को गर्म करने के लिए सड़कों पर उतरकर प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। भाजपा के चुनावी दावेदार ने अपने समर्थकों के बीच यह संदेश देने की कोशिश की कि वे शहर की बेहतर सेवा के लिए तैयार हैं और उनकी पार्टी ही विकास के रास्ते पर आगे बढ़ सकती है। वहीं सोमवार की सुबह कांग्रेस पार्टी ने भी अपने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की घोषणा की। कांग्रेस ने जांजगीर-नैला और चाम्पा में अध्यक्ष के लिए अपने मौजूदा पार्षद को मैदान में उतारा है। अधिकृत सूची जारी होने के कुछ घंटों बार चांपा के कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी राजेश



अग्रवाल और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप नामदेव ने अपने समर्थकों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे और नामांकन दाखिल किया।

**भितरघात के भी मिल रहे संकेत**

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस में अध्यक्ष पद के दावेदारों की लंबी लिस्ट थी। भाजपा में कुछ पुराने नेता नए प्रत्याशियों को लेकर असंतुष्ट बताए जा रहे हैं, जबकि कांग्रेस में भी कुछ नेताओं के बीच खींचतान की खबरें सामने आ रही हैं। इन चुनावों के बीच भितरघात की आशंका भी जताई जा रही है।

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों में कुछ ऐसे नेता हैं जो पार्टी के अधिक प्रभावशाली नेताओं से नाराज हैं और उनके मन में भितरघात के विचार पनप रहे हैं। इन आशंकाओं के बावजूद दोनों दलों के शीर्ष नेता पूरी कोशिश कर रहे हैं कि पार्टी में कोई विभाजन न हो और चुनावी तैयारी में कोई कमी न आए।

# पेट्रोल डालकर युवती को जिंदा जलाया युवक ने

### ऑटो की किस्त जमा नहीं करने को लेकर होता था विवाद, कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा



**जांजगीर.चांपा।** छत्तीसगढ़ में जांजगीर.चांपा की कोर्ट ने प्रेमी को अपने शादीशुदा प्रेमिका को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने के जुर्म में उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह हत्या तीन साल पहले 2022 में हुई थी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने सोमवार को आरोपी नरेश दास महंत को उम्रकैद और 5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना चांपा थाना क्षेत्र के भोजपुर की है। मृतका प्रेमबाई देवांगन अपने बच्चों के साथ मायके भाटापारा भोजपुर में रहती थीए जबकि उसका पति चेन्नई में काम करता था। प्रेमबाई का पड़ोसी नरेश दास महंत ;42 वर्षद्ध से अवैध संबंध था। प्रेमबाई ने नरेश को लोन पर ऑटो दिलवाया था और कुछ नकद राशि भी दी थी। ऑटो की किस्त जमा न करने को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था।

**बेटी के सामने लगाई आग**

16 अप्रैल 2022 को जब प्रेमबाई अपने भांजे की शादी में जाने के लिए मेन रोड पर अपनी बेटी और रिश्तेदारों के साथ खड़ी थीए तब नरेश ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसी प्रेमबाई को रायपुर के डीकेस अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां छह दिन बाद 22 अप्रैल 2022 को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर के अनुसारए इस घटना से पहले 10 अप्रैल 2022 को भी दोनों के बीच विवाद हुआ थाए जिसमें आरोपी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। न्यायालय ने सभी साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई है।

**गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने ठहराया दोषी**

चांपा पुलिस ने आरोपी नरेश दास महंत को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया। जहां जांच के बाद अभियोग पत्र पेश किया गया था। जिसपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी नरेश दास महंत को प्रेम बाई देवांगन की जलाकर हत्या का दोषी ठहराया है। साथ हीए धारा 302 के तहत उम्रकैद की सजा और अर्थदंड 5 हजार रुपए से दंडित किया है। वहींए राशि जमा नहीं करने पर 6 माह और जेल में रहने की सजा का आदेश जारी किया गया है।

## दुरपा, सरहर व दर्री सहित कई गांवों में फहराया तिरंगा

**बाराद्वार।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर आसपास के गांवों में जनप्रतिनिधियों ने ध्वजारोहण करते हुए प्रसाद बांटा। ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन व शासकीय स्कूलों में तिरंगा फहराते हुए विभिन्न कार्यक्रम कराए गए। इसमें सरहर में सरपंच सुनंदा राजू चन्द्रा, दुरपा में सरपंच धायत्री सुखीराम राठौर, पलाडीखुर्द में सरपंच गणेशराम कुर्रे, रामदुलारे पटेल, चोरिया में सरपंच रीना सुमन सूर्यवंशी व उपसरपंच नारायण सूर्यवंशी, रिस्दा में सरपंच लता सरोज यादव ने ध्वज फरहारा। इसी तरह नवगांव दर्री में सरपंच संतराम प्रधान, भागोडीह में सरपंच कलावती घासीराम सूर्यवंशी, डीआर यादव, परसादी यादव, मौहाडीह में सरपंच मनीराम साहू, झरना में सरपंच रामकुमार राठौर, कचंदा में सरपंच योगेश राठौर, खम्हीया में सरपंच सुलोचनी देवांगन, सकरेलीखुर्द में सरपंच छबीलाल कंवर, धनपुर में सरपंच उषा शिव कंवर, जर्वे में सरपंच मोहनमती साहू, पोडीकला में सरपंच माधुरी श्रीवास ने ध्वजारोहण किया। डूमरपारा में सरपंच छतराम राज, डेरागढ में सरपंच हेमवती राज, जेठा में चंपादेवी चन्द्रा, खम्हरिया में सरपंच बीरबल साहू, छितापडरिया में सरपंच उमा हेमंत यादव, कडारी में सरपंच रोशनलाल साहू, दर्रीबंजर में सरपंच दिलहरण बरेठ, सुंदरेली में अभिलाषा अमृत सोनहर, नगरदा में तुलेश्वरी जगेश्वर सिदार, बाराद्वार बस्ती में सरपंच जगदीश उरांव के द्वारा तिरंगा फहराया गया। दांरग, लहंगा, सकरेली भांठा, रेडा, परसापाली, किरारी, दर्राभांठा, ठठारी, भोथिया, गिधौरी, खूंटादहरा, भूरकाडीह के ग्राम पंचायत भवन के सभी शासकीय स्कूलो में ध्वजारोहण के साथ मनाया गया।

# अपने दम पर परीक्षा पास करना होगा छात्रों को

**जांजगीर।** सरकारी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की आम चुनाव में अहम भूमिका अहम होती है। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत की अधिसूचना जारी होने और आदर्श आचार संहित लागू होने के बाद अधिकारी-कर्मचारी चुनाव की तैयारियों में व्यस्त हैं। इधर चुनाव में के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाने का आदेश जारी हो चुका है। साथ ही उन्हें अवकाश लेकर बाहर जाने की अनुमति नहीं देने पहले ही विभाग प्रमुखों को कह दिया है। इसके कारण कमजोर विद्यार्थियों के लिए एक्सट्रा क्लास प्रभावित होगी छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 12वीं की 1 मार्च से और 10वीं की 3 मार्च से शुरू होगी। हालांकि बोर्ड परीक्षा के बेहतर परिणाम के लिए 20 जनवरी से प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित की जा रही है, ताकि विद्यार्थियों के मन से बोर्ड परीक्षा का भय खत्म कर सके। जनवरी का महीना प्री-बोर्ड में गुजर जाएगा और फरवरी का पूरा महीना चुनावी कार्यक्रम में बीतने वाला है। हालांकि प्री-बोर्ड के छात्रों को अपने-अपने आंसरशीट तो इस माह ही मिल जाएंगे और आंसरशीट के आधार पर विद्यार्थी अपनी परीक्षा की तैयारियों स्व आकलन भी कर सकेंगे, लेकिन अपनी कमजोरियों को उन्हें स्वयं दूर करना होगा, क्योंकि बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी चुनावी कार्य में लगाई जाएगी। इससे वे अपने छात्रों की कमजोरियों को दूर करने के लिए अतिरिक्त क्लास नहीं ले पाएंगे। इस स्थिति में प्री-बोर्ड में कम अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के लिए स्वयं तैयारी करनी पड़ेगी। उन्हें अपनी शंकाओं के समाधान के लिए स्वयं ही विकल्प तलाशने होंगे। मूल्यांकन के दौरान छात्रों को नहीं मिलेगी कोई भी राहत माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा यह पहले ही तय कर लिया है कि परीक्षा के बाद मूल्यांकनकर्ता द्वारा किसी भी छात्र को उपकृत करने के लिए मार्क्स नहीं दिए जाएंगे। जिस छात्र ने जो आंसर लिखे हैं उसी के अनुसार उसे अंक दिए जाएंगे। ऐसे में छात्रों को किसी भी तरह की राहत मिलने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। क्योंकि अभी अगर उन्हें राहत दे दी जाती है तो उसका असर बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में देखने को मिलेगा। इससे जिला का रिजल्ट भी खराब होगा जो विभाग नहीं चाहेगा।

## कार और माजदा में भिड़ंत, पति-पत्नी घायल

**बाराद्वार।** सोमवार की दोपहर 2 बजे बाराद्वार से सक्ती मुख्य मार्ग सकरेलीभांठा में बंजारी मंदिर के आगे कार और माजदा में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें कार सवार पति-पत्नी को चोटें आईं। उन्हें चांपा एनकेएच में भर्ती कराया गया है। बाराद्वार पुलिस के अनुसार कार क्र. सीजी 13 यूजी 6640 में पति-पत्नी सहित भाटापारा से रायगढ़ जा रहे थे। सकरेलीभाठा में बंजारी मंदिर के आगे विपरीत दिशा से आ रही माजदा क्र. ओडी 17 एच 7077 के ड्राइवर ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। इससे कार सड़क से दूर खेत में घुस गई। माजदा भी सड़क से नीचे उतर गई।

## पार्टी ने टिकट नहीं दी तो पति-पत्नी हुए बागी, नामांकन भरा

**अकलतरा।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए वार्ड नंबर 14 के पार्षद रोहित सारथी ने भारतीय जनता पार्टी से अपनी पत्नी दीप्ति सारथी के लिए टिकट की मांग की थी। लेकिन भाजपा ने वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष शांति भारते को प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा से टिकट नहीं मिलने से नाराज वार्ड नंबर 14 से भाजपा के पार्षद पूर्व सैनिक रोहित सारथी ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए पत्नी दीप्ति सारथी व वार्ड 14 से पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है।

रोहित सारथी ने नगर पालिका अध्यक्ष की सीट अजजा महिला के लिए आरक्षित होने पर पत्नी दीप्ति सारथी के लिए भाजपा से अध्यक्ष के रूप में टिकट की मांग की थी। भाजपा के टिकट नहीं देने पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद पत्नी को अध्यक्ष व स्वयं वार्ड नंबर 14 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा क भाजपा ने पूर्व सैनिक को सम्मान नहीं देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष की टिकट से वंचित किया। टिकट वितरण में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपेक्षा एवं एक ही व्यक्ति द्वारा अपनी मर्जी से टिकट बांटने का आरोप लगाया।

## छात्रावास व अस्पताल में किया गया ध्वजारोहण

**बाराद्वार।** ग्राम पंचायत जर्वे के ग्राम पंचायत भवन, हायर सेकंडरी स्कूल, शासकीय अस्पताल, अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, सभी शासकीय व प्राइवेट स्कूलों में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। जर्वे के स्कूल, छात्रावास और अस्पताल में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा बाराद्वार मंडल के महामंत्री गेंदराम मनहर रहे।

इस मौके पर हरदयाल सिंह पटेल, निर्भय यादव, राजकुमार मनहर, सेवक राम पटेल, भुवनेश्वर केंवट, संतोष यादव सहित सभी शिक्षक, पालक व छात्र मौजूद थे। ग्राम पंचायत भवन में सरपंच मोहनमती साहू ने सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। इसके अलावा जर्वे के अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गणतंत्र दिवस मनाया गया।


**न्यायालय तहसीलदार सक्ती जिला- सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-/अ-6अ/2024-25
ग्राम- केरीबांधा
तहसील-सक्ती, जिला-सक्ती

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमराम धोबी पिता स्व. कुंजराम जाति धोबी निवासी केरीबांधा, तहसील-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) आवेदन पेश किया है कि आवेदक के भतीजा दयाशंकर वगै. के नाम पर ग्राम-केरीबांधा में भूमि खसरा नं. 340/8 रकबा 0.22 एकड़ अर्थात 0.089 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि वर्तमान आनलाईन रिकार्ड में दयाशंकर वगैरह का नाम दर्ज नही है। आनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में दयाशंकर वगैरह का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 30.01.2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(सील)
तहसीलदार
सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)



**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता एवं सम्बन्धितों को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री शिव रंजन सरकार, पिता स्व. निहार रंजन सरकार, निवासी अमरैया पारा, कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) की स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम कोरबा, नया प.ह.न. 16. पुराना नंबर 09, में स्थित मेरे पक्षकार की भूमि खसरा नंबर 305/21/क रकबा 0.06 एकड़ भूमि स्थित है।

मेरे पक्षकार श्री शिव रंजन सरकार, पिता स्व. निहार रंजन सरकार, के द्वारा अपने पारिवारिक कार्य हेतु रकम की आवश्यकता पड़ने के कारण उक्त भूमि को श्रीमती कीर्तन चौहान पति- भरत लाल चौहान तथा यशवंत सिंह चौहान निवासी-चाम्पा बाई पास मार्ग, इमलीडुग्गू, कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) के साथ विक्रय इकरारनामा दिनांक 20/06/2018 पंजीयन क्र. 1044 को निष्पादित किया गया था।

क्रेतागण कीर्तन चौहान पति भरत लाल चौहान तथा यशवंत सिंह चौहान के द्वारा मेरे पक्षकार को, विक्रय इकरारनामा दिनांक 20/06/2018 के निष्पादन के लगभग 6 वर्ष 7 माह व्यतीत हो जाने के पश्चात शेष राशि 23,50,000/- (तेईस लाख पचास हज़ार रुपये) का भुगतान नहीं किया गया है, और ना ही उक्त भूमि की रजिस्ट्री करायी गयी जिस कारण वश मेरा पक्षकार के द्वारा उक्त विक्रय इकरारनामा दिनांक 20/06/2018 को निरस्त कर दिया गया है।

जिस हेतु मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त भूमि के सम्बन्ध में दिनांक 20/06/2018 के एवज में एडवांस के रूप में दी गयी रकम 4,50,000/- को श्रीमती कीर्तन चौहान पति भरत लाल चौहान तथा यशवंत सिंह चौहान को लौटाने हेतु पंजीकृत सुचना पत्र प्रेषित कर दिया गया है, तथा विक्रय इकरारनामा दिनांक 20/06/2018 के निरस्त होने के पश्चात उक्त वर्णित भूमि के संबंध में आज के उपरांत किया गया किसी भी प्रकार का कार्य अथवा संव्यवहार या लेन-देन, अवैध एवं शून्यवत माना जावेगा तथा उक्त के संबंध में किया गया संव्यवहार या लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार एवं जवाबदार होगा।

अतः सुचना से अवगत होंवे।

भवदीय
संजय जायसवाल
अधिवक्ता
प्लाट नं. 3-4, नमन विहार कालोनी
जिला- कोरबा (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

**जब जीवन में हर परिस्थिति का सामना करना ही है तो प्रेम से सामना क्यों न करें**

# उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं

आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नसीहत और चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र के रूप में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री ने इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लॉन्च पैड के तौर पर करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी पक्की जानकारी भारत के पास है, पाकिस्तान को यह बीमारी खत्म करनी होगी, नहीं तो डॉट-डॉट-डॉट।

पीओके के लोगों को सम्मानजनक जीवन से वंचित रखने और धर्म के नाम पर उनका शोषण करने की भी उन्होंने चर्चा की। पीओके के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह जिया-उल-हक के समय से पोषित भारत विरोधी एजेंडा का हिस्सा है। पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ने बीते हफ्ते जिहादी संस्कृति को फिर जीवित करने की घोषणा की है।

जिहाद की वकालत कर, अल-जिहाद के नारे लगवाने के पीछे उनकी मंशा इलाके की शांति भंग कर स्थिरता को ठेस लगाने की है। भारत-पाकिस्तान के दरम्यान 1965 में अखनूर में ही युद्ध लड़ा गया था। 1948, 1965, 1971 से लेकर 99 तक पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी परंतु घुसपैठ की घटनाएं रुकी नहीं हैं। न ही लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़ रहा है।

सरकार का दावा है कि धारा 370 को हटाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में महत्त्वपूर्ण बदलाव नजर आ रहा है। राज्य की अब्दुल्ला सरकार ने भी लचीला रुख अख्तियार किया है। सरकार इस इलाके को भारत के माथे के मुकुट का मणि बताते हुए लंबे समय से दावा कर रही है कि वह पीओके को वापस लेने के प्रति गंभीर है। पाकिस्तान का भारत विरोधी रुख किसी से छिपा नहीं है। शांति के प्रति उदासीन इस पड़ोसी मुल्क के पास आंतरिक समस्याओं का इतना अंबार है कि वह अंतरराष्ट्रीय मसलों के प्रति उपेक्षा भाव अपनाए रहने को मजबूर लगता है। सैनिकों की हौंसलाफजाई तक तो ठीक है परंतु जब उस पर डपट काम नहीं करती तो यूं डॉट-डॉट-डॉट जैसे हफरे का क्या असर हो सकता है। कोरी धमकियों की बजाय अब सरकार को स्पष्ट तौर पर उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं करना चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा। आज आप शुभ काम की शुरुआत करेंगे। छात्रों को अच्छे रिजल्ट के लिए अपनी मेहनत को जारी रखने की जरूरत है।

**वृष राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। सामाजिक कार्यों की अपेक्षा अपनी व्यक्तिगत कार्य पर अधिक ध्यान दें क्योंकि आज लिया गया निर्णय निकट भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होने वाला है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। अनुभवी व्यक्ति आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठ बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज अपने व्यवहार को सहज बनाकर रखें।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे, जिससे आपको आशीर्वाद मिलेगा। घरवालों के साथ पार्टी का विचार बनायेंगे, जिससे खुशी बढ़ेगी। किसी नए काम का नया अनुभव मिलेगा।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तों की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान- प्रदान करना रिश्ते में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। आज आप भविष्य को लेकर किसी अनुभवी से विचार विमर्श करेंगे। आज ऑफिस में ज्यादा कार्यभार रहेगा। आज सरकारी सेवारत लोगों को ऑफिस संबंधी किसी बदलाव की सूचना मिल सकती हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज गुस्से की बजाय धैर्य से परिस्थितियों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**धनु राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा। रुकी हुई योजनाएं फिर से चालू हो जायेंगी।

**मकर राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। बेवजह की उलझन दूर होगी और पेट संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आपका दांपत्य जीवन खुशनुमा रहेगा, आप किसी धार्मिक स्थान पर घूमने का मन बनायेंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

# राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना बहुत जरूरी

//भारत डोगरा//

**समय में जब दुनिया बहुत संवेदनशील दौर से गुजर रही है, हमें विश्व स्तर पर अमन-शांति के प्रयासों में भरपूर सहयोग देना चाहिए, पर साथ में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भी बहुत जरूरी है, और इसके लिए हमें बहुत सावधानी से अपनी राह बनानी होगी। यह एक बहुपक्षीय चुनौती है पर फिर भी यदि संक्षेप में कहें तो ये चार राहें हमारे देश को सुरक्षा और समृद्धि की राह पर ले जाती हैं।**

पहली राह तो यह है कि राष्ट्रीय एकता को बहुत उच्च प्राथमिकता दी जाए और धर्म, जाति, क्षेत्र, रंग, लिंग आदि हर तरह के भेदभाव को समाप्त किया जाए और सभी लोगों को भारतीय नागरिक के रूप में एक से अधिकार, सम्मान और गरिमा प्राप्त हों। यह सरकारी नीति के लिए और लोगों के व्यवहार,दोनों के लिए जरूरी है कि किसी को सामाजिक विषमता, भेदभाव या अनुचित व्यवहार का अहसास न हो। जिन्होंने ऐतिहासिक स्तर पर बहुत विषमता सही है, उनके लिए संवैधानिक स्तर पर जो विशेष लाभ दिए गए वे इस समता के उद्देश्य के अनुकूल हैं, संविधान-सम्मत हैं, और उन्हें भी सम्मान मिलना चाहिए। दूसरी राह यह है कि विभिन्न राजनीतिक दलों और अन्य राजनीतिक-सामाजिक ताकतों में टकराव सीमा से आगे न बढ़े और आपसी मतभेदों के भिन्न विचारों के बावजूद वे बड़े राष्ट्रीय हितों पर एक-दूसरे से सहयोग ही करते रहें। इसके लिए जरूरी है कि एक-दूसरे के विरुद्ध अपमानजनक भाषा या अतिशयोक्तिपूर्ण आलोचना से बचा जाए। लोकतंत्र में तो यह निश्चित है कि विभिन्न राजनीतिक दल और अन्य राजनीतिक-सामाजिक संगठन अपने-अपने विचारों के साथ आगे बढ़ें और एक-दूसरे के विचारों की आलोचना करें। लोकतंत्र का एक बड़ा आधार ही यह है कि ऐसे मतभेद हिंसा और नफरत का रूप न लें और लोकतांत्रिक तौर-तरीकों के आधार पर इन विभिन्न विचारों के बीच बेहतर राह निकाल कर देश आगे बढ़ सके।

आज लोकतंत्र में यह भूमिका कई जगह संकटग्रस्त हो रही है। अपने को लोकतंत्र का शिखर मानने वाले पश्चिमी देशों के लोकतंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं। दूसरी ओर, कुछ छोटे-बड़े अन्य देशों में मनभेदों और महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव अनियंत्रित हो जाने के कारण गृह युद्ध हो चुके हैं, या हो रहे हैं, जिनमें लाखों निदरेष लोग मारे गए हैं। हम अपने आस-पड़ोस में ही देखें-बांग्लादेश और पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल-तो स्थिति चिंताजनक ही नजर आएगी। अत- आवश्यक है कि इन अनुभवों से सबक लेते हुए देश के विभिन्न विचारों वाले राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों की कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे उनके आपसी टकराव अनुशासन और शालीनता की सीमा में रहें और अनुचित या अवैध तौर-तरीकों का उपयोग एक-दूसरे के विरुद्ध न किया जाए।

तीसरा मुद्दा, जो इससे जुड़ा हुआ है, यह है कि हमें आपसी एकता से तय कर लेना है कि हम विदेशी ताकतों के हाथों में नहीं खेलेंगे। विश्व के जिन देशों में हाल के दशकों में सर्वाधिक विनाश हुआ है, जैसे इराक, अफगानिस्तान, सीरिया, लेबनान, लीबिया, सुडान और सोमालिया आदि, में इस विनाश में सबसे शक्तिशाली विदेशी ताकतों की बड़ी भूमिका रही है। अनेक अन्य छोटे-बड़े देशों में भी इन सबसे शक्तिशाली देशों ने तरह-तरह से अनिश्चय लाने की नीतियां अपनाई, उन्हें कमजोर करने और वहां ऐसे तत्वों को आगे बढ़ाने की कोशिश की जो इन शक्तिशाली देशों का साथ दे सकते हों। इन देशों में यदि ऐसी सरकारें हैं जो बड़ी शक्तियों की मनमानी में बाधा हैं तो इन सरकारों को कमजोर या अस्थिर करने या हटाने तक के प्रयास इन सबसे शक्तिशाली देशों ने किए। अत- इस बारे में हमारे देश में व्यापक एकता बननी चाहिए कि जहां तक बाहरी ताकतों के नापाक इरादों और साजिशों का सवाल है, तो उनका सामना हम एकता से करेंगे। यह देशभक्ति की ऐसी राह है, जिसे हमें कभी नहीं छोड़ना है।

चौथी राह यह है कि हमें देश और दुनिया के मूल सिद्धांतों के रूप में अमन-शांति, न्याय और समता, पर्यावरण की रक्षा और सभी जीवों के प्रति करुणा को स्वीकार कर लेना चाहिए। हां, विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के लिए इन सिद्धांतों की व्याख्या अलग हो सकती है और सभी के अपने रीति-रिवाजों और लोकतांत्रिक अधिकारों का तो सम्मान करना ही पड़ेगा। अपने-अपने विचारों और सोच के आधार पर भी विभिन्न व्यक्ति और संगठन इन सिद्धांतों को अलग ढंग से परिभाषित करेंगे और फिर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के चलते जो तय होगा उस पर ही देश चलेगा और साथ में लोकतांत्रिक बहस भी चलती रहेगी। इन चार रास्तों पर भली-भांति धैर्य, समझदारी और दृढ़ निश्चय और साहस से चला जाए तो ये चारों रास्ते एक ऐसे चौराहे पर मिलते हैं जिसका नाम है देश की स्थाई सुरक्षा और समृद्धि। बढ़ता सैन्य खर्च भी देश को वह सुरक्षा नहीं दे सकता जो ये चार रास्ते दे सकते हैं, बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों का निवेश भी वह समृद्धि नहीं दे सकता जो ये चार रास्ते दे सकते हैं। इस तरह की सोच को लोगों के बीच विशेषकर युवाओं के बीच ले जाना बहुत जरूरी है क्योंकि वे ही तो देश का भविष्य हैं। युवाओं के लिए इसी सोच से जुड़ा यह संदेश है कि इस समय सार्थक और जरूरी बदलाव के लिए सबसे जरूरी कार्य है न्याय, अमन-शांति और पर्यावरण रक्षा पर आधारित एक ऐसा एजेंडा लोगों के बीच ले जाना है, जिसके विभिन्न लक्ष्य एक दूसरे से मेल रखते हों। इसके लिए लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं बहुत जरूरी हैं, पारदर्शिता बहुत जरूरी है, खुला विमर्श बहुत जरूरी है। अत- सार्थक सामाजिक बदलाव की राह पर अग्रसर युवाओं को अहिंसा और पारदर्शिता की राह को ही चुनना चाहिए। देश ही नहीं, दुनिया के स्तर पर भी मौजूदा दौर में अहिंसक क्रांति का अर्थ है अधिसंख्य लोगों को समय रहते अमन-शांति, न्याय और पर्यावरण रक्षा के एजेंडे के लिए तैयार करना। यह कठिन चुनौती है, जिसके लिए बहुत मेहनत से, समझदारी से, निरंतरता से कार्य करने की जरूरत है।

इसी तरह गृह युद्ध, अलगाववादी हिंसा, सांप्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता और उन्माद से जुड़ी हिंसा, धार्मिक कट्रता से जुड़े अलगाववाद को भी नकारना और विभिन्न समस्याओं के लोकतांत्रिक समाधानों को प्रतिष्ठित करना जरूरी है। समता और न्याय का मूल उद्देश्य सदा महत्त्वपूर्ण रहा है, और नई गंभीर समस्याओं के आने के बावजूद यह उद्देश्य आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। समानता और न्याय का अर्थ आर्थिक समानता और न्याय से ही नहीं है अपितु जाति, धर्म, नस्ल, रंग और लिंग आधारित सब तरह के भेदभाव को दूर करना व्यापक सामाजिक समता को प्रतिष्ठित करना भी उतना ही जरूरी है। विभिन्न देशों की आंतरिक समानता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों की समानता भी बहुत जरूरी है ताकि साम्राज्यवादी सोच, इस पर आधारित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष शोषण और अन्याय तथा इससे जुड़ी हिंसा और युद्ध की आशंकाओं पर सदा के लिए रोक लग सके। अत- साम्राज्यवादी ताकतों के हाथ में खेलना या उनसे मिल कर अपने हित साधना बहुत अनुचित है क्योंकि जरूरत तो साम्राज्यवाद का सामना कर इसके प्रतिकूल असर को हटाने या न्यूनतम करने की है। अपने और भावी पीढ़ियों के भविष्य को भयानक पर्यावरणीय विनाश और महाविनाशक हथियारों की क्षति से बचाने के लिए सभी को एकता से अमन-शांति, पर्यावरण रक्षा, समता और न्याय के एजेडे को लेकर तेजी से और हिम्मत से आगे बढ़ना चाहिए।

# सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन

//वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली//

**दिसम्बर 2022 में जोशीमठ में अपने भवनों, सड़कों, खेतों में दिखतीं दरारें, कहीं-कहीं भवनों का तिरछा होता देख तथा पानी के फव्वारे फूटते देख भयंकर जाड़ों में भी दिन-रात भारत-चीन के सीमांत नगर जोशीमठ के निवासी सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन में जुटे थे। इसरो की वेबसाइट के अनुसार अप्रैल- नवम्बर, 2022 के बीच धंसाव 8-9 सेमी. था जबकि दिसम्बर 27, 2022 से जनवरी 8, 2023 के केवल बारह दिनों में यह 5-4 सेमी. था। उन्हीं दिनों अन्य नगरों और गांवों से भी जोशीमठ जैसी स्थितियों के उपजने की खबरें आने लगी थीं। तब उत्तराखंड सरकार ने जोशीमठ सहित एक दर्जन से ज्यादा नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने की सार्वजनिक घोषणा की थी। पुनः 2024 में चारधाम यात्रा पड़ावों और प्रमुख पर्यटक स्थलों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की एक ही दिन में हजारों की भीड़ पहुंचने तथा वाहनों से जाम जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार ने यात्रा मागरे के पड़ावों और भारी भीड़ से बोझिल नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने का अपना मंतव्य व्यक्त कर दिया था किन्तु ठोस कार्रवाई न तो 2022 में हुई और न ही 2025 तक भी होती दिखी है।**

जोशीमठ का परिप्रेक्ष्य जनसंख्या भार और बाहरी आती-जाती भीड़ की बजाय वहां की भूगर्भीय कमजोरियों का है जबकि तीर्थ और पर्यटन स्थलों का मामला भीड़भाड़ का है। जोशीमठ की बसावट एक पुराने भूस्खलन, हिमस्खलन मोरेन हिमोड के ऊपर है। ड्रेनेज पैटर्न की भी समस्या है। हालांकि स्थानीय 'जोशीमठ बचाओ संघर्ष समितिई भूधंसाव और दरारों के लिए एक जल विद्युत परियोजना की कई किमी. की सुरंग और हेलंग बायपास निर्माण को आज भी जिम्मेदार मानती है। निस्संदेह उत्तराखंड के पर्वतीय नगर और गांवों की धारण क्षमता के आकलन की आवश्यकता है परंतु इसके लिए सरकार और आम जन में भी एक समग्र समझ पैदा होना जरूरी है।

धारण क्षमता आकलन प्राथमिक समाधान की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वहनीय क्षमता की लक्ष्मण रेखा को लांघने के जोखिमों के संदर्भ में सचेत होने की प्रक्रिया है। धारण क्षमता जान कर तब फायदा है जब हम उसके प्रति संवेदित हों किन्तु पिछ्ले दो सालों से स्मरण कराया जा रहा है कि दिल्ली से देहरादून का सफर अब सात की जगह दो घंटे का होने वाला है। देहरादून से मसूरी और वहां से होते हुए पर्यटन और तीर्थस्थलों तक पहुंचने में जाम न लगे, पार्किंग में भी दिक्कत न हो, इसके लिए सुरंगें प्रस्तावित हैं। ऋषिकेश से टिहरी बांध झील तक सफर दो घंटे कम हो जाए, इसके लिए भी कई किमी. की सुरंग बनेगी।

केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के हवाले से एक समाचार था कि गंगोत्री और यमुनोत्री को जोड़ने वाली उत्तराखंड की सबसे लंबी सुरंग बनाई जानी है। साढ़े चार किमी. लंबी यह राह तीन साल में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। सैकड़ों किमी. सुरंग जिन गांवों के नीचे जाएंगी उनसे उन गांवों की धारण क्षमता बढ़ेगी तो नहीं, घटेगी ही। जहां रेलवे सुरंग या जलविद्युत परियोजनाओं की सुरंग गांवों और के नीचे खोदी गई हैं, उन सब के यही अनुभव हैं।

खास बात यह है कि ये प्रस्तावित मेगा निर्माण उन क्षेत्रों के बीच से होने हैं जो राज्य के दशकों से आधिकारिक चिन्हित इको सेंसेटिव जोन हैं। टिहरी बांध जलाशय निर्माण के साथ ही उत्तरकाशी से आगे तक भागीरथी इको सेंसेटिव जोन अधिघोषित हो गया था। इसमें कई पारिस्थितिकीय प्रतिबंध लगाए गए थे। देहरादून-मसूरी का क्षेत्र निर्माण कायरे के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में ही इको सेंसेटिव क्षेत्र घोषित कर दिया गया था। अब तो हवाई पट्टियों के निर्माण की भी होड़ लगी है। एक साथ अंडे और मांस पाने के लिए मुर्गी को मारने में भी जब कोई गुरेज नहीं तो धारण क्षमता जान कर भी क्या होगा या फिर इसे जाना ही क्यों जा रहा है।ख्याल यह भी रहे कि भीड़ से बदरीनाथ केदारनाथ जैसी जगहों पर कूड़ा प्रबंधन, खुले में शौच रोकना जैसी समस्या भी हो जाती हैं।

जोशीमठ जैसे नगरों के भूगर्भीय कारकों को तो बदला नहीं जा सकता। केवल उन कमजोरियों को और कमजोर न करने की दिशा में सचेत रहना होता है। किसी स्थल की धारण क्षमता को केवल इंजीनियरिंग संदर्भ में मृदा परतों पर किसी निर्माण भार की मान्य परिभाषा से इत्तर अभी भी भूगर्भीय हलचल में भूकंपकीय और जलवायु बदलावों के दंशों से निरंतर सहम जाने वाले हिमालयी क्षेत्रीय पारिस्थितिकी परिवेश के संसाधनों पर भार से भी जोड़ कर समझें।

जहां मानव के वश के बाहर के इन कारणों के कारण धारण क्षमता के संदर्भ में अंतिम रूप से कभी भी कुछ कहना संभव नहीं होगा। मानव वश के समाधान तो बापू के इस कथन में ही ढूंढें कि पृथ्वी-प्रकृति के पास दुनिया भर के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है किन्तु लालच के लिए नहीं है। उसी तरह हम धारण क्षमता बढ़ा सकते हैं। हम जर्जर होकर भी फिर से उठने की राह पकड़ सकते हैं किन्तु अनुशासित होकर उपभेग को कम से कम करके लालच को कम करके।

बहुत जरूरी है कि यदि आपको पहाड़ों में उनकी धारण क्षमता को अपने लिए कम से कम क्षत-विक्षत करके रहना है तो अपनी मानसिक धारण क्षमता भी बढ़ाइए कि पहाड़ प्रकृति के साथ समन्वय में रह सकें। पहाड़ पहाड़ रह कर अपनी आबोहवा से जैव-विविधता से आपको पर्याप्त दे सकते हैं किन्तु उनको मैदान बना कर पाना चाहेंगे तो उसकी वहनीय क्षमता टूट जाएगी क्योंकि तब किसी भी निर्माण कारणों गहराई तक काटना होगा। ऐसे में अस्थिर ढलानों को स्थिर करने का काम न किया जाए तो निर्माण की धारण क्षमता सवालों के घेरे में ही रहेगी। वाहन खड़े करना भी उत्तराखंड में मौत को न्योता देना रहा है। ऐसे ही नागरीय जल स्त्रेतों की जलापूर्ति की कितनी ही क्षमता हो यदि भूस्खलन या सड़क निर्माण के दौरान गहरे कटानों या विस्फोटों से यदि वे क्षतिग्रस्त हो गए हों तो उनके पहले की आकलित धारण क्षमता पर तो भरोसा नहीं होगा।

## तस्वीरों की दुनिया




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) पोर्टल और नियमों के शुभारंभ के दौरान।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, पार्टी सांसद योगेंदर चंदोलिया और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने नई दिल्ली में अमृतसर में बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति को तोड़े जाने को लेकर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला और कांग्रेस नेता डॉ. राजकुमार ने अमृतसर में बाबा भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा को साफ किया, जब एक व्यक्ति ने प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।



जबलपुर के तिमारी गांव में पाटन-जबलपुर रोड पर विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम के दौरान अपने प्रियजनों की मौत पर विलाप करते परिवार के सदस्य।



झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता कल्पना सोरेन ने रांची में विधायकों के साथ विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता की।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर अनुष्ठान करते हुए।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई।

## मणिपुर सुरक्षा बलः केसीपी के दो सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया



**मणिपुर।** के सुरक्षाकर्मियों ने 27 जनवरी को दो अलग-अलग अभियानों में कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के दो सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। सुरक्षाबलों ने सामान की एक खेप भी बरामद की। एक अभियान में, कर्मियों ने केसीपी (ताइबांगनगांबा) के एक सक्रिय कार्यकर्ता सपाम पैखोम्बा मीतेई (26) को गिरफ्तार किया। उसे थौबल जिले के लिलोंग-पीएस के अंतर्गत वेथौ-थियम आईवीआर से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से, सैनिकों ने एक वायरलेस हैंडसेट टीवाईटी और छह नग 9 एमएम की लाइव राउंड जब्त की। एक अन्य अभियान के परिणामस्वरूप केसीपी (एमएफएल) के एक सक्रिय सदस्य समोम डेविडसन मीतेई (32) को गिरफ्तार किया गया। उसे इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई-पीएस के अंतर्गत थोंगजू पेचुलमपाक पुखरी से सिंगजामेई/थोंगजू क्षेत्र में और उसके आसपास स्थित दुकानों से पैसे की जबरन वसूली में शामिल होने के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से सुरक्षाकर्मियों ने एक मोबाइल हैंडसेट, 1990 रुपये से भरा एक बटुआ, एक ड्राइविंग लाइसेंस और एक दोपहिया वाहन बरामद किया।

# गैर स्थानीय लोगों की हत्या के मामले में एनआईए ने कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर छापे मारे



**श्रीनगर, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार सुबह आतंकवादियों द्वारा गैर-स्थानीय लोगों की हत्या के मामले में मंगलवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए सूत्रों ने बताया कि ये छापे जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से मारे जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया, एनआईए के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संदीप चौधरी की निगरानी में श्रीनगर, बडगाम और सोपोर इलाकों में छह स्थानों पर छापेमारी हो रही है। एनआईए जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से संबंधित कई अपराधों की जांच कर रही है, जिसमें 9 जून 2024 को जम्मू संभाग के रियासी जिले में हिंदू तीर्थयात्रियों की हत्या और गांदरबल जिले के गगनगीर की हत्या शामिल है। आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों से भरी 53 सीटों वाली बस पर तब गोलीबारी की थी, जब बस शिवखोड़ी मंदिर से रियासी जिले के कटरा शहर जा रही थी। उस नृशंस हमले में नौ लोग मारे गए थे और 41 लोग घायल हो गए थे। आतंकवादियों ने पहले बस के ड्राइवर पर गोली चलाई और फिर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। 20 अक्टूबर 2024 को दो आतंकवादी, एक विदेशी और एक स्थानीय, गांदरबल जिले के गगनगीर में एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के वर्कर कैंप में घुसे और अंधाधुंध फायरिंग की। इस हमले में छह गैर-स्थानीय नागरिक कर्मचारी और एक स्थानीय डॉक्टर मारे गए। घाटी में गैर-स्थानीय राजमिस्त्री, बढ़ई, ईंट बनाने वाले, ड्राइवर और रेहड़ी-पटरी वाले जैसे अकुशल श्रमिक भी आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हुए। पिछले 20 सालों में आतंकवादियों ने कई जगहों पर गैर-स्थानीय मजदूरों की हत्या की है।

माना जाता है कि गैर-स्थानीय लोगों को मारना आतंकवादियों की एक रणनीति है, जिसका उद्देश्य स्थानीय आबादी को व्यापार, शिक्षा और व्यवसाय से दूर रखना है। इसका उद्देश्य जम्मू-कश्मीर के बाहर उन जगहों पर स्थानीय लोगों के खिलाफ सांप्रदायिक प्रतिक्रिया भड़काने की कोशिश करना भी है, जहां ये लोग देश के अन्य राज्यों में रह रहे हैं और व्यापार कर रहे हैं और शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने सजा-ए-मौत पाए चंद्रभान सनप को किया बरी

### अभियोजन पक्ष की दलील में मिलीं खामियां



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा पाए चंद्रभान सनप को बरी कर दिया है। उस पर मुंबई की 23 वर्षीय तकनीकी विशेषज्ञ एस्तेर अनुह्या के दुष्कर्म और हत्या का आरोप था। सनप को 2015 में एक विशेष महिला कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। इसके बाद उसने बॉम्बे हाईकोर्ट में अपनी मौत की सजा को चुनौती दी। हाईकोर्ट से अपील खारिज किए जाने के बाद सनप ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की कहानी में खामियां पाए जाने के बाद आज उसे बरी कर दिया।

## आईएसआईएस से जुड़े मामले में एनआईए की कार्रवाई, तमिलनाडु के 16 स्थानों पर छापेमारी



**चेन्नई।** तमिलनाडु में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की बड़ी कार्रवाई चल रही है। जांच एजेंसी की टीम राज्य में कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक, एनआईए तमिलनाडु में चेन्नई समेत 16 स्थानों पर तलाशी ले रही है। छापेमारी आईएसआईएस कट्टरपंथी मामले से जुड़ी है। विशेष इनपुट के आधार पर मंगलवार सुबह से ही तलाशी चल रही है। कार्रवाई से जुड़े सूत्रों ने बताया कि संदिग्धों के ठिकानों पर की जा रही इन तलाशियों का मकसद आईएसआईएस की विचारधारा को बढ़ावा देने और सदस्यों की भर्ती करने में शामिल व्यक्तियों से संबंधित सबूतों को उजागर करना है। यह आईएसआईएस समर्थकों के खिलाफ पिछले साल दर्ज किया गया एक मामला है, जिसका खुलासा जांच के दौरान किया गया था।

# जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को 12वीं बार पैरोल मिली

**चंडीगढ़, 28 जनवरी [एजेंसी]।**



हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के आरोप में 20 साल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को एक बार फिर पैरोल दी गई। इस बार 30 दिनों की पैरोल मिली है। पिछले चार सालों में यह राम रहीम सिंह की 12वीं पैरोल है। अगस्त 2017 में दो शिष्याओं से बलात्कार के लिए 20 साल जेल की सजा सुनाए जाने के बाद पहली बार वह सिरसा में अपने डेरे में 10 दिनों तक रुकेंगे। बाद में वह उत्तर प्रदेश के बागपत में रहेंगे। राम रहीम को पिछली बार 20 दिन की पैरोल दी गई थी। यह पैरोल पिछले साल 5 अक्टूबर को हरियाणा में मतदान से चार दिन पहले दी गई थी। अपने अनुयायियों के वोटों को प्रभावित करने की क्षमता के कारण राम रहीम को लगभग दो दशकों तक पंजाब और हरियाणा के राजनीतिक नेताओं और दलों का संरक्षण प्राप्त था। पिछली बार उन्होंने अपने पिता मगहर सिंह की पुण्यतिथि 5 अक्टूबर का हवाला देते हुए पैरोल मांगी थी, जिसे परमार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है। पिछले साल अक्टूबर से पहले हरियाणा सरकार ने उन्हें अगस्त में 21 दिन की फरलो दी थी, जो 2 सितंबर को समाप्त हो गई थी।

राम रहीम फिलहाल राज्य की राजधानी चंडीगढ़ से 250 किलोमीटर दूर रोहतक की उच्च सुरक्षा वाली सुनारिया जेल में बंद है। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने राम रहीम की अपनी दत्तक बेटियों की शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल की याचिका खारिज कर दी थी। राम रहीम को दो महिलाओं के साथ बलात्कार के मामले में अगस्त 2017 में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। पंचकूला की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 2019 में उन्हें और तीन अन्य को 16 साल पहले एक पत्रकार की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। 25 अगस्त 2017 को दोषी करार होने के बाद पंचकूला और सिरसा में हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें 41 लोग मारे गए और 260 से अधिक घायल हो गए थे।

## उत्पीड़न मामले में फंसे इंफोसिस के को-फाउंडर गोपालकृष्णन 17 दूसरे लोगों पर भी एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज



**नईदिल्ली।** कर्नाटक पुलिस ने बेंगलुरु में इंफोसिस के को-फाउंडर सेनापति क्रिस गोपालकृष्णन और आईआईएससी के पूर्व निदेशक बलराम और 16 अन्य के खिलाफ SC/ST अत्याचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। यह मामला 71वें सिटी सिविल एंड सेशन कोर्ट (सीसीएच) के निर्देश के आधार पर सदाशिव नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता, दुर्गप्पा, जो आदिवासी बोवी समुदाय से है, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) में सेंटर फॉर सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी में एक फैकल्टी मेंबर थे। उन्होंने दावा किया कि 2014 में उन्हें हनी ट्रैप मामले में झूठा फंसाया गया और बाद में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि उन्हें गाली और धमकियां दी गईं। मामले में अन्य व्यक्ति गोविंदन रंगराजन, श्रीधर वारियर, संध्या विश्वेश्वरैह, हरि केवीएस, दासप्पा, बलराम पी, हेमलता मिशी, चट्टोपाध्याय के, प्रदीप डी सावकर और मनोहरन के खिलाफ भी केस दर्ज है। इंफोसिस की स्थापना पुणे में की गई थी।

फिलहाल इसका मुख्यालय बेंगलुरु में स्थित है। गोपालकृष्णन ने 2007 से 2011 तक इंफोसिस के सीईओ और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया। क्रिस गोपालकृष्णन 2011 से 2014 तक इस कंपनी के उपाध्यक्ष और 2007 से 2011 तक चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर रहे थे। जनवरी 2011 में भारत सरकार ने गोपालकृष्णन को देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया था।

## ब्रेक फेल होने से बेकाबू हुई सवारियों से भरी सिटी बस

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ बस डिपो से तिगांव होते हुए मंझावली जाने वाली सिटी बस मंगलवार सुबह 10 बजे ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गई। करीब आधा किलोमीटर तक चालक ने बस को संभाला।

## जल्द भारत के शिकंजे में होगा तहव्वुर राणा, एनआईए की टीम मुंबई हमले के आरोपी को पकड़ने जाएगी अमेरिका



**नईदिल्ली, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

मुंबई हमले के दोषी तहव्वुर राणा को भारत लाने के लिए एनआईए टीम ने कमर कस ली है। तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की औपचारिकताओं को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम जल्द ही अमेरिका जाने की उम्मीद है। तहव्वुर राणा को हाल ही में अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने भारत प्रत्यर्पण का आदेश दिया है।

सूत्रों के अनुसार, महानिरीक्षक और उप महानिरीक्षक रैंक के अधिकारियों की एक टीम इस महीने के अंत तक अमेरिका का दौरा कर सकती है। इस संबंध में कदम गृह मंत्रालय के साथ-साथ विदेश मंत्रालय के साथ भी साझा किया गया है। पूर्व डॉक्टर और व्यवसायी राणा पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक हैं। उन पर 26/11 मुंबई हमले के मुख्य योजनाकार डेविड कोलमैन हेडली की टोही गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने का आरोप है

# अगले महीने हो सकती पीएम मोदी और ट्रंप की मुलाकात, दोनों देशों के अधिकारी संपर्क में, भारत में होगी क्वाड की बैठक



**नईदिल्ली, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और ऊंचाई पर ले जाने, वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। ट्रंप ने 20 जनवरी, 2025 को ही अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली है। फिर से राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद ट्रंप की मोदी के साथ यह पहली बातचीत थी। मोदी ने एक्स पर लिखा- अपने प्रिय मित्र डोनाल्ड ट्रंप से बात करके अत्यंत खुशी हुई। उनकी ऐतिहासिक विजय और दोबारा राष्ट्रपति बनने पर उन्हें बधाई दी। हम एक-दूसरे को लाभ पहुंचाने वाली और भरोसेमंद साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों की भलाई, वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे।

ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के शामिल होने की चर्चा थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हालांकि, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उस समारोह में मोदी के विशेष प्रतिनिधि के रूप में शिरकत की।इस बीच, पीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मोदी और ट्रंप ने प्रौद्योगिकी, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा की। साथ ही वैश्विक मुद्दों मसलन पश्चिम एशिया और यूक्रेन की स्थिति को लेकर भी बातचीत की। दोनों नेताओं ने जल्द मिलने पर भी सहमति जताई। वैसे ट्रंप प्रशासन ने भारत के साथ अपने संबंधों को लेकर अब तक मिले-जुले संकेत दिए हैं।विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहली मुलाकात जयशंकर से की, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के सभी आयामों पर चर्चा हुई। अमेरिकी पक्ष ने अवैध रूप से रह रहे 18 हजार भारतीयों को वापस भेजने का मुद्दा उठाया है। इसके अलावा, ट्रंप ने उन देशों के आयात पर अधिक शुल्क लगाने का भी एलान किया है जो अमेरिकी उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाते हैं। हालांकि भारत को अभी तक इस सूची में शामिल नहीं किया गया है।इस वार्ता के बाद उम्मीद है कि दोनों नेताओं के बीच अगले महीने मुलाकात भी हो सकती है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के अधिकारी संपर्क में हैं ताकि ट्रंप और मोदी के बीच शीघ्र ही मुलाकात हो सके।

## लोकतंत्र के लिए खतरा हैं एलन मस्क, इस देश के प्रधानमंत्री ने अरबपति पर बोला सीधा हमला

**पेरिस।** दुनिया के सबसे अमीर अरबपति एलन मस्क पर फ्रांस के प्रधानमंत्री ने बड़ा हमला बोला है। सोमवार को फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रैंकोइस बायरू ने कहा कि एलन मस्क लोकंत्र के लिए खतरा हैं। हाल ही में एलन मस्क ने कनाडा, ब्रिटेन और जर्मनी की सरकार को निशाना पर लिया था। मगर अब फ्रांस के प्रधानमंत्री के बयान के बाद नई चर्चा शुरू होना लाजिमी है। एक टीवी इंटरव्यू में फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रेकोइस बायरू ने कहा, एलन मस्क लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। पैसे के विवेक पर शासन करने का अधिकार नहीं देना चाहिए। कुछ दिन पहले फ्रांस के पीएम ने कहा था कि यूरोप और फ्रांस को ट्रंप की नीतियों के खिलाफ खड़ा होना होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो हमारे प्रभुत्व को कुचल दिया जाएगा।एलन मस्क स्पेसएक्स, टेस्ला और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के मालिक हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप का खुलकर समर्थन किया। ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद मस्क को सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख बनाया है। मस्क के कंधों पर सरकारी खर्च में कटौती और नौकरियों में छंटनी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मगर पिछले लंबे समय से एलन मस्क दुनिया के कई देशों की राजनीति में दखल दी है। फरवरी में होने वाले चुनाव से पहले एलन मस्क ने एक जर्मन एंटी-इमिग्रेशन पार्टी का समर्थन किया है। ब्रिटेन में पाकिस्तान ग्रूमिंग गैंग का मुद्दा उठाया और प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के इस्तीफे तक की मांग की।एलन मस्क मौजूदा समय में डोनाल्ड ट्रंप के सबसे करीबी शख्स हैं।

## ट्रंप की घुड़कियों के बाद मेक्सिको और कोलंबिया ने डाले हथियार कहा- अमेरिका से निकाले गए नागरिकों को स्वीकार करेंगे



**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घुड़कियों के बाद मेक्सिको और कोलंबिया ने अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले अपने लोगों को स्वीकार कर लिया है। इससे पहले दोनों देशों ने आप्रवासियों को लेकर पहुंचे अमेरिकी सैन्य विमानों को अपनी सीमा में उतरने नहीं दिया था। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने सोमवार को कहा कि मेक्सिको को अमेरिका से निर्वासित किए गए लोग मिले हैं। मेक्सिको ने 4,000 से अधिक निर्वासित लोगों को स्वीकार किया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि कोलंबिया सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप की सभी शर्तों पर सहमति व्यक्त की है, जिसमें अमेरिका से लौटाए गए कोलंबिया के सभी अवैध प्रवासियों को अमेरिकी सैन्य विमानों सहित बिना किसी देरी के अप्रतिबंधित स्वीकृति शामिल है। कोलंबिया पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने वाले ड्राफ्ट आदेशों को रिजर्व रखा जाएगा और हस्ताक्षर नहीं किए जाएंगे। यह तभी लागू किया जाएगा, जब कोलंबिया इस समझौते का सम्मान करने में विफल हो जाए। व्हाइट हाउस ने कहा कि आज की घटना से दुनिया को स्पष्ट हो गया है कि अमेरिका का फिर से सम्मान हो रहा है। ट्रंप उम्मीद करते हैं कि दुनिया के अन्य सभी देश अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे अपने नागरिकों को स्वीकार करने में सहयोग करेंगे। एपी के अनुसार अमेरिका से निर्वासन उड़ानों को लेकर विवाद के बाद सोमवार को कोलंबिया स्थित अमेरिकी दूतावास में वीजा अपाइंटमेंट रद कर दी गई। यह विवाद दोनों देशों के बीच एक महंगे व्यापार युद्ध में तब्दील हो गया था। सैकड़ों कोलंबियाई लोग बोगोटा में अमेरिकी दूतावास के बाहर दिखाई दिए और स्थानीय कर्मचारियों ने उन्हें पत्र सौंपे, जिसमें कहा गया था कि उनकी अपाइंटमेंट कोलंबियाई सरकार द्वारा अपने नागरिकों की वापसी उड़ानों को स्वीकार करने से इन्कार करने के कारण रद कर दी गई हैं।

## झूठे आरोप से जिंदगी हो जाती है बर्बाद, हाई कोर्ट ने कहा- सजा के प्रविधान में संशोधन करे संसद

**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट ने सोमवार को झूठे आरोप लगाने के लिए नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेस (एनडीपीएस) एक्ट समेत विभिन्न कानूनों में निर्धारित असमान दंड को लेकर चिंता व्यक्त की। साथ ही कहा कि संसद को झूठे आरोपों के लिए दंड के प्रविधानों में खामियों को दूर करना चाहिए।जस्टिस पीवी कुन्नीकृष्णन की पीठ ने यह टिप्पणी एवं सुझाव नारायण दास नामक व्यक्ति की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए दिए। नारायण दास ने अपनी बहू शीला सनी पर ड्रग्स रखने का झूठा आरोप लगाया था जिसकी वजह से उसे 72 दिन जेल में रहना पड़ा। हाई कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह इस मामले में उसके आदेश को आगे की कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को भेजे।

## धरती से 8.5 कि ऊपर उड़ी मिग-29 की छतरी, - 40 ए सेल्सियस तापमान, शौर्य चक्र पाने वाले अमन सिंह ने कैसे सुरक्षित उतारा विमान

**नईदिल्ली, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

गणतंत्र दिवस पर असाधारण साहस और अदम्य वीरता का प्रदर्शन करने वाले फ्लाइट लेफ्टिनेंट अमन सिंह हंस को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। शौर्य चक्र देश का तीसरा सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है। फ्लाइट लेफ्टिनेंट अमन सिंह हंस ने अपनी सूझबूझ और शौर्य के दम पर विपरीति परिस्थियों में एक बड़े हादसे को न केवल टाला बल्कि वायुसेना के विमान को सुरक्षित उतारने में कामयाबी भी हासिल की। उनके इसी अदम्य साहस को देखते हुए उन्हें शौर्य चक्र पुरस्कार से नवाजा गया है। फ्लाइट लेफ्टिनेंट अमन सिंह हंस को 15 जून 2019 में भारतीय वायुसेना की फ्लाइंग शाखा में एक लड़ाकू पायलट के रूप में कमीशन किया गया था। अमन सात सितंबर 2020 से मिग-29 स्क्वाड्रन में तैनात हैं। पिछले साल 28 मार्च 2024 को अमन सिंह



ने दो इंजन वाले मिग-29 फाइटर जेट से उड़ान भरी। रात के अंधेरे में अभ्यास गगन शक्ति-24 के तहत अमन ने लंबी दूरी के फेरी मिशन पर निकले। 20 मिनट की उड़ान के बाद उनका विमान 28,000 फीट यानी 8.5 किमी की ऊंचाई पर पहुंच गया। पायलट ने विमान के हेड अप डिस्प्ले और कॉकपिट में अचानक बड़ी हलचल महसूस की। तेज धमाके की वजह से उनकी आंखें तक बंद हो गईं। दरअसल विमान की छतरी जमीन से 8.5 किमी ऊपर उड़ चुकी थी। वहां तापमान माइनस 35ए से 40ए सेल्सियस रहा। ऐसी स्थिति में पायलट को डीकंप्रेसन और हाइपोक्सिया बीमारी हो सकती है।

हवा के तेज झटकों से आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। सिर्फ कुछ सेकेंड में फैसला लेना होता है। इन गठिन परिस्थितियों में भी अमन सिंह ने अपना धैर्य और साहस कायम रखा। उन्होंने कुछ ही सेकेंड में विमान का नियंत्रण अपने हाथों में लिया। इसके बाद उन्होंने स्टैंडबाय रेडियो कंट्रोल का इस्तेमाल करके मामले की जानकारी नियंत्रण एजेंसियों को दिया और तुरंत पास के एयरबेस में उतरने का फैसला किया। छतरी उड़ने के बाद अमन सिंह का विमान 8 से सीधे 3 किमी की उंचाई पर आ पहुंचा। आंखों में भीषण दर्द के बावजूद उन्होंने विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई। 28,000 फीट की ऊंचाई पर वायुमंडलीय दबाव बहुत कम होता है। यहां हवा बेहद पतली होती है। ऑक्सीजन का स्तर भी काफी कम होता है।

## पेपर लीक के आरोपित संजीव मुखिया के खिलाफ वारंट जारी, एक महीने तक गिरफ्तारी नहीं तो ईओयू करेगी कुर्की




**नईदिल्ली, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

पटना। नीट-यूजी तथा शिक्षक भर्ती समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली के मुख्य आरोपित संजीव मुखिया के खिलाफ वारंट जारी किया गया है। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने पटना सिविल कोर्ट से वारंट हासिल कर उसकी तलाश तेज कर दी है। ईओयू के अनुसार अगर एक महीने में उसकी गिरफ्तारी नहीं होती है या वह आत्मसमर्पण नहीं करता है तो उसके घर की कुर्की-जब्ती की जाएगी।कुछ दिनों पहले तक उसके नेपाल में छिपे होने की सूचना मिली थी। नालंदा के रहने वाले संजीव मुखिया की ईओयू को लंबे समय से तलाश है। पिछले कई प्रतियोगी परीक्षाओं में उसके प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल होने की बात सामने आई है।नालंदा के ही नूरसराय वाणिकी कालेज में वह तकनीकी सहायक के पद पर तैनात था। पद पर रहते हुए ही उसने अपने बेटे डा. शिव के साथ मिलकर पेपर लीक और परीक्षा में धांधली का बड़ा नेटवर्क तैयार किया।उसका बेटा सिपाही नियुक्ति पेपर लीक मामले में अभी जेल में बंद है। विदित हो कि संजीव मुखिया के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज करते हुए ईओयू की टीम ने उसके घर समेत अन्य संबंधित ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में निवेश से लेकर जमीन-जायदाद के कागजात बरामद किए गए थे।

# हिंद विद्यालय में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

## जिला पंचायत कोरिया में 76वें गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया गया



**कोरिया बैकुंठपुर।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय, कोरिया में एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह ने ध्वजारोहण किया और उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह ने अपने संबोधन में सभी नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, भारत को एक उन्नत और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। यह संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों का सम्मान करने का दिन है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जिले वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा, विकास और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास के साथ-साथ हमारी प्राकृतिक धरोहर भी सुरक्षित रहे। समारोह में उप संचालक पंचायत श्रीमती ऋतु साहू, लेखाधिकारी धनराज सिंह, एपीओ सिद्धार्थ कुमार खैरवार और अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी गई प्रस्तुति

**चरचा कालरी।** 76 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में हर्ष और उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया नगर पालिका परिसर व सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में अरुण जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया वहीं राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा के द्वारा क्षेत्र के सर्वाधिक प्रतिष्ठित विद्यालय हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में झंडा फहराया गया सह क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय में जितेंद्र कुमार क्षेत्र प्रबंधक व क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा में डॉ संजय कुमार सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिंद विद्यालय अंग्रेजी इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में ध्वजारोहण के दौरान स्काउट गाइड के टीमों के द्वारा सलामी दी गई वहीं बच्चों के द्वारा मनमोहन झांकी की प्रस्तुति दी गई जिसमें महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस ,झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ,चंद्रशेखर आजाद, छत्तीसगढ़ महतारी की वेशभूषा में बच्चे थे, झांकी के क्रम में स्वच्छ भारत अभियान का भी



बेहतरीन प्रदर्शन हुआ ध्वजारोहण के पश्चात दोपहर 12-बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसमें मुख्य अतिथि अरुण जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा, विशिष्ट अतिथि राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा, नीरज गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार, प्रमोद पांडे थाना प्रभारी चर्चा के साथ ही दीपा विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा , पार्षद श्रीमती रामकली पाल, संजय देवांगन,लाल मोहम्मद कुंडल साय ,आदित्य जयसवाल ,अभिमन्यु मुदली पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा ,सचिन मलिक ,श्रीमती सीमा सिंह, साक्षी सिंह ,सहित काफी संख्या में बच्चे व अभिभावक उपस्थित थे कार्यक्रम में अंग्रेजी भाषा में बहुत ही कुशल तरीके से मंच संचालन किया गया जिसकी सब लोगों ने सराहना की, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान नन्हे बच्चों की प्रस्तुति देखने लायक थी छत्तीसगढ़ी नाच भी पूरे लाइव अवतल के साथ रहे कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विद्यालय के डायरेक्टर निसार खान, प्राचार्य शशि भूषण राय श्रीमती निशा राय ,श्रीमती किरण वर्मा ,मिंटू सर ,भगत सर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर में फहराया तिरंगा



**कोरिया बैकुंठपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने झंडा फहराया और तिरंगे को सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर ने जिले वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों से समयबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा, सभी अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचे, नागरिकों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें, उनकी समस्याओं को ध्यान से सुनें और समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएं। साथ ही कार्यालय परिसरों को स्वच्छ और व्यवस्थित रखें। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने देशभक्ति गीत, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए, जिससे माहौल में देशप्रेम की भावना जागृत हुई। समारोह में अपर कलेक्टर डी.डी. मंडावी, डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल, जिला कोषालय अधिकारी पी.एस. परिहार, जिला खनिज अधिकारी भूषण पटेल, सहायक विकास आयुक्त श्रीमती उषा लकड़ा, डीआईओ सुखदेव पटेल, अधीक्षक बी. मिश्रा समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

## बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां, उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित



**कोरिया बैकुंठपुर।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में आज रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में मुख्य अतिथि व सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महराज की उपस्थिति में विभागीय योजनाओं पर आधारित चलित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसके अलावा स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गीत एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों से तालियां बटोरने में सफल हुए। वहीं विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया और प्रमाण पत्र भी मुख्य अतिथि चिंतामणि महराज के हाथों वितरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान कोरिया के संचालक सौरभ सिंह, वन मण्डलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलको, अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## जिला स्तरीय युवा संसद का सफल आयोजन लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने की पहल



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन आज शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर दीनदयाल मंडावी थे, जबकि अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथियों में सहायक संचालक शिक्षा प्रकाश तिवारी, जिला खेल अधिकारी एम. आर. भगत, प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी अमृतलाल गुप्ता, और सेजेस प्राचार्य अभय शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत एवं परिचय के पश्चात युवा संसद की कार्यवाही प्रारंभ हुई। इसमें सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया और मंत्रिमंडल के सदस्यों का परिचय कराया गया। समसामयिक मुद्दों पर पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस लगभग 40 मिनट तक चली, जिसमें युवा प्रतिभागियों ने संसदीय प्रक्रिया का बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा, युवा संसद का उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना, अनुशासन और सहनशीलता जैसे गुणों का विकास करना है। यह युवाओं को संसदीय प्रक्रियाओं की जानकारी देकर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करता है। उन्होंने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। मंचासीन अतिथियों ने सदन की कार्यवाही की सराहना करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन श्री आर. एल. गौतम ने किया। इस अवसर पर शिक्षकों और अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से श्रीमती सी. सिंह, श्री पी. सिंह, श्रीमती जिज्ञासा दुबे, श्रीमती अनुराधा सोनपाकर, श्री ए. शर्मा, और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय गीत के साथ युवा संसद की कार्यवाही का समापन हुआ। इस आयोजन ने प्रतिभागियों को लोकतंत्र और संसदीय प्रक्रियाओं की गहरी समझ प्रदान की।

## नशीली इंजेक्शन के साथ एक व्यक्ति को चौकी बसदेई पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के सख्त निर्देश पर थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा निरंतर अवैध कारोबार व सूखा नशा के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 27.01.2025 को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम जूर का अमजद अंसारी आल्टो कार में नशीली इंजेक्शन बिक्री करने हेतु जिला कोरिया की ओर से शिवप्रसादनगर बसदेई तरफ जा रहा है। पुलिस ने सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम डबरीपारा में घेराबंदी कर कार सहित अमजद अंसारी पिता शेख हामिद उम्र 30 वर्ष ग्राम जूर, चौकी बसदेई को पकड़ा जिसके कब्जे से 34 नग एविल इंजेक्शन व 15 नग एम्पुल नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया है जिसकी बाजारू कीमत करीब 25 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन व परिवहन में प्रयुक्त कार जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई एस.आर.भगत, एएसआई मनोज द्विवेदी, प्रधान आरक्षक थॉमस मिंज, आरक्षक देवदत्त दुबे, अशोक केंवट, निलेश जायसवाल व सक्रिय रहे।

## पूरी ताकत के साथ हम चुनाव जीतेंगे:देवेन्द्र तिवारी

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** भाजपा जिला कार्यालय बैकुण्ठपुर में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति तैयार किया गया। सर्व प्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता, पंडित दीनदयाल मुखर्जी छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक शुभारम्भ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, नगरीय निकाय प्रभारी एवं जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला महामंत्री विनोद साहू, जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू, अवधबिहारी जायसवाल, अनिल खटिक उपस्थित रहें। निवर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि, त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जनसम्पर्क कर केन्द्र एवं राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रचार-प्रसार करें।

उन्होंने कहा कि, कार्यकर्ता अपने बूथ को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाये, ताकि आगामी चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कार्यकर्ताओं संबोधित करते हुए कहा कि, त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में यह हमारा संकल्प हो, पंच से लेकर जिला तक भाजपामय हो, साथ ही यह चुनाव कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का चुनाव है, इसे हम पूरे ताकत के साथ हम चुनाव के मैदान में जाएगें। इस चुनाव में हमारा नारा रहेगा हमने बनाया है हम ही




संवारेंगे और इसी संकल्प को लेकर इसे पूरा करेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मैनेजर राजवाड़े, रामलखन यादव, किशोर सिरदार, संजय चिकनजुरी, राजाराम राजवाड़े, दीपा विश्वकर्मा, वंदना राजवाड़े, सुनिता कुर्रे, चुन्नी पैकरा, सौभाग्यवती सिंह, रामप्रताप मराबी, गोपाल राजवाड़े, गीता राजवाड़े, शिव कुमारी सोनपाकर, नरेश्वर रजक, अवधबिहारी जायसवाल, मोहित पैकरा, ईश्वर राजवाड़े, मनोज साहू, जगनारायण साहू, शिव राजवाड़े, अनिल जायसवाल, सोना लाल राजवाड़े सहित पार्टी समर्थित प्रत्याशी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### कर्तव्य इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया गया धूमधाम से गणतंत्र दिवस

**सूरजपुर।** कर्तव्य इंग्लिश मीडियम स्कूल, नकना में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका तनुजा राजवाड़े ने बखूबी निभाया। मुख्य अतिथि सुंदरलाल सिंह ने स्कूल की व्यवस्था और शिक्षा की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतने कम संसाधनों के बावजूद एक पिछड़े क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध कराना स्कूल की एक बड़ी उपलब्धि है। विशिष्ट अतिथि सुमित साहू ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और स्कूल परिवार की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों को अच्छी शिक्षा देने और अभिभावकों को बच्चों के गृहकार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## विशेष पिछड़ी जनजातियों के छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने में विशेष योगदान



**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय हाई स्कूल जामपानी विकासखण्ड बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ में पदस्थ व्याख्याता व प्रभारी प्राचार्य श्रीमती मनोरमा कुजूर को विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एवं पिछले वर्ष 2023-24 में 10 वीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम में 100 उत्तीर्ण होने पर गणतंत्र दिवस समारोह 2025 के अवसर पर जिला प्रशासन कोरिया, कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी एवं सांसद व मुख्य अतिथि चिंता मणी महाराज के हाथों प्रशस्ति पत्र मिला। एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जामपानी में पदस्थ शिक्षक अशोक कुमार कनौजिहा व आकांक्षा मिश्रा व नेहा भोई को भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए व बागवानी , प्रिंटरीच वातावरण के लिए तथा शासकीय प्राथमिक शाला जामपानी में पदस्थ प्रधान पाठक इन्द्र पाल विश्वकर्मा व सहायक शिक्षक दर्शन लाल बारमते को भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने व बागवानी करने एवं प्रिंट रीच वातावरण बनाये जाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया जितेन्द्र गुप्ता व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बैकुण्ठपुर देवेश जायसवाल के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए निर्वाचन व्यय संपरीक्षक नियुक्त

**सूरजपुर।** नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन व्यय सीमा का प्रावधान किये जाने के फलस्वरूप जिला निर्वाचन अधिकारी के अधीन श्री बालेन्दु शेखर मिश्र, लेखाधिकारी, जिला पंचायत सूरजपुर को नोडल अधिकारी एवं श्री व्ही.जी. उपगड़े. लेखाधिकारी, प्र.सं.ग्रा.स.योजना, सूरजपुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य हेतु एक पृथक व्यवस्था के तहत निर्वाचन व्यय संपरीक्षक नियुक्ति किया गया है। इसमें नगर पालिका परिषद सूरजपुर के लिए निर्वाचन व्यय संपरीक्षक नजीर अहमद खान, कनिष्ठ लेखाधिकारी, सहा. आयु.आ.वि. सूरजपुर,सहयोगी कर्मचारी देवेन्द्र साहू सहायक ग्रेड-02, कार्यालय वि.ख. शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर,सहायक लिपिक सह डाटा एन्ट्री आपरेटर श्री विजय साहू, डाटा एंट्री ऑपरेटर, जल संसाधन संभाग सूरजपुर को बनाया गया है।

### प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों को किया गया सम्मान

**सूरजपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया द्वारा सत्र 2024-25 में आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ टीम में शामिल होकर सूरजपुर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाडियों शुभम विश्वकर्मा, देवेन्द्र राजवाड़े, कु. पूजा राजवाड़े, कु. माही दास, अरूण कुमार वैष्णव, रोशन राज सिंह उईके, कु. चाँदनी, कु. चंचल सिंह, कु. किरण सिंह, टोमेन्द्र पटेल, राहुल यादव, एवं अविनाश राय को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रामविचार नेताम मंत्री आदिम जाति कल्याण, कृषि एवं सहकारिता छत्तीसगढ़ शासन के कर कमलों द्वारा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सूरजपुर जिले के कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कौशल्या सिंह व्या.शि, नन्दे कुमार सिंह, श्रीमती सुनयना जायसवाल समेत समस्त जिलाधिकारी, मिडिया, समस्त स्कूलों से आये छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

## पार्षद चुनाव में मात्र 4 वोट पाने वाले को भाजपा ने बनाया महापौर का उम्मीदवार

### बड़े बड़े उम्मीदवारों के जोर अजमाइस पर फिरा पानी.. सामान्य सीट पर ओबीसी का कार्ड क्या भाजपा की बचाएगा शाख

**चिरमिरी।** एमसीबी जिले के एकलौते नगर पालिक निगम चिरमिरी से भारतीय जनता पार्टी ने रामनरेश राय को टिकट देकर सभी की उम्मीदों पर पानी फेरने जैसा काम किया है, ये हम नहीं शहर की जनता कह रही है । बहरहाल प्रत्यासी बने राय जो पेशे से अधिवक्ता हैं और भाजपा विधि प्रकोष्ठ में पदाधिकारी रह चुके हैं। बीते दो कार्यकाल के पूर्व वह निर्दलीय पार्षद का चुनाव लड़ने वाले रामनरेश को केवल चार वोट मिले थे ।

### भाजपा ने प्रदेश सहित नगरनिगम चिरमिरी के लिए प्रत्यासी का नाम किया तय

चिरमिरी से पार्टी ने रामनरेश राय को टिकट दी है, जो पेशे से अधिवक्ता हैं और भाजपा विधि प्रकोष्ठ में पदाधिकारी रह चुके हैं। कभी निर्दलीय पार्षद का चुनाव लड़ने वाले रामनरेश को केवल चार वोट मिले थे। नगरनिगम में मेयर का पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है, लेकिन भाजपा ने यहां से ओबीसी चेहरे को मैदान में उतारा है । यहां 40 से ज्यादा दावेदार थे लेकिन रामनरेश राय को आखिरकार टिकट मिली । टिकट मिलने के बाद वे



भाजपा कार्यालय पहुँचे। यहां मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

बता दें कि चिरमिरी न सिर्फ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का विधानसभा क्षेत्र है बल्कि उनका गृहजिला और उनका स्थानीय निवास भी है, अब ऐसे में जाहिर है कि उनकी प्रतिष्ठा भी दांव पर लग गई है । भाजपा प्रत्याशी रामनरेश राय को टिकट देकर पार्टी ने सबको चौंका दिया है।

### चुनाव में मेरी प्रतिष्ठा नहीं लगी है

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल हालाकि टिकट वितरण को लेकर बोले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि बीजेपी के निर्णय चौकाने वाले होते हैं। चुनाव में मेरी प्रतिष्ठा नहीं लगी है। हर एक कार्यकर्ता जीत के लिए लगेगा। कांग्रेस को चुनाव में दाल, आटे का भाव पता चलेगा। विधानसभा और लोकसभा में जनता धुलाई कर चुकी है ।

# शक्ति प्रदर्शन के साथ प्रत्याशियों ने अंतिम दिन भरा नामांकन

### ओपन थियेटर से कलेक्टोरेट मार्ग पर भीड़

**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन था। जिला मुख्यालय में नगर निगम के महापौर व पार्षद पद के प्रत्याशियों ने तामझाम के साथ रैली निकाली और नामांकन भरा। इसे लेकर ओपन थियेटर से कलेक्टोरेट मार्ग पर काफी भीड़ रही। पूरे रास्ते में प्रत्याशियों के समर्थक जोश में भरे नजर आये।

निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों को प्रचार हेतु महज 10 दिन का समय मिल रहा है। हालांकि आयोग ने चुनाव की घोषणा बहुत पहले कर दी थी पर प्रमुख दलों में प्रत्याशी चयन के मामले में विलंब किया गया। आनन फानन में उन्होंने पेपर तैयार किये और आगे की तैयारी की। भाजपा से संजू देवी राजपूत, कांग्रेस से उषा तिवारी और आम आदमी पार्टी से लखमी साहू महापौर के प्रत्याशी हैं। उनके अलावा कई क्षेत्रीय दल सहित कई निर्दलीय भी मैदान में हैं। प्रमुख प्रत्याशियों ने पहले ही नामांकन जमा कर दिया था। जनता के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आज उन्होंने रैली निकाली और नामांकन का दूसरा सेट जमा किया। इसी रैली में भाजपा और कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी भी शामिल हुए। इससे पहले प्रत्याशियों ने ओपन थियेटर से झंडे बेनर के साथ रैली निकाली। इसके जरिये दिखाने की कोशिश की गई कि संसाधन और उत्साह के मामले में किसी प्रकार की कमी नहीं है और वे चुनाव को काफी गंभीरता से ले रहे हैं। पूरे



रास्ते में समर्थक अपने प्रत्याशियों के पक्ष में नारे लगाते रहे। इससे माहौल काफी गर्म रहा। कलेक्टोरेट से पहले भीड़ रोक दी गई। मुख्य कक्ष में प्रत्याशी के साथ समर्थक और प्रस्तावकों को जाने का मौका मिला, जिन्होंने अपने नामांकन जमा किया। आज दोपहर 03 बजे तक नामांकन स्वीकार किये जाएंगे और इसके बाद इनकी जांच होगी। अगले दिवस आवेदन के पात्र आपात्र होने की घोषणा होने के पश्चात नाम वापसी का अवसर अभ्यर्थियों को मिलेगा।

### सुरक्षा का रहा खास प्रबंध

कोरबा सहित नगरीय क्षेत्रों में नामांकन संबंधि व्यवस्था को लेकर आज प्रशासन और पुलिस ने खास तैयारी कर रखी थी। अलग-अलग कारण से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौके पर लगाया गया ताकि भीड़ भाड़ और विवाद की स्थिति में नियंत्रण किया जा सके। प्रशासनिक कार्यालयों के आसपास धारा 163 प्रभावशील कर दी गई है। एक मात्र चरण में इन सभी निकायों में 11 फरवरी को वोट डाले जाएंगे।

## नगर पालिका और नगर पंचायतों में प्रत्याशियों ने नामांकन भरे



कोरबा जिले के तीन नगर पालिका और दो नगर पंचायतों में भी नामांकन को लेकर आज मेला जैसा माहौल रहा। जिले की नवगठित और सबसे बड़ी नगर पालिका में शामिल बांकीमोंगरा में गजब की स्थिति बनी हुई है। भाजपा ने पहले से चल रहे अध्यक्ष पद के दावेदारों को किनारे करते हुए अंतिम समय में विकास झा की पत्नी को टिकट देकर सबको हैरान किया। वहीं कांग्रेस ने अनजाने चेहरे पर दांव लगाकर परेशानी मोल ले ली। इस फेर में रायपुर में विवाद के चक्कर में नवल किशोर की तबियत बिगड़ गई। नगर पालिका दीपका और कटघोरा में भी अध्यक्ष सहित पार्षद पद के उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किये। उधर नगर पंचायत छुरीकला में भाजपा की पद्मिनी देवांगन और कांग्रेस की सावित्री श्रीवास ने नामांकन दाखिल किये। पाली में भी इस बार का चुनाव कुछ अलग है।

## सरपंच-सचिव ने आंगनबाड़ी भवन को अधूरा छोड़ा, किराये के मकान में चल रहा केंद्र



**कोरबा।** जिले के गेरांव ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम बताती के बस्ती में आंगनबाड़ी भवन को सरपंच और सचिव ने आधा-अधूरा बनाकर भगवान भरोसे छोड़ दिया है। जिसके कारण यहां भवन में आंगनबाड़ी का संचालन नहीं हो पा रहा है। यहां पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गांव के एक ग्रामीण के आवास को किराए में लेकर आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन कर रही है। जिसके कारण कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि अधूरे भवन को शीघ्र पूरा किए जाने की मांग उनके द्वारा सरपंच एवं सचिव से की गई। साथ ही अपने विभाग के अधिकारियों का ध्यान भी आकृष्ट कराया गया किंतु किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि जब से उनकी पदस्थापना यहां पर की गई है तब से आंगनबाड़ी भवन आधा-अधूरा पड़ा है। सरपंच एवं सचिव ने भवन को डोर लेबल तक बनाकर भगवान भरोसे छोड़ दिया है। वह अधूरे भवन को पूरा होने की राह 2018 से देखते आ रही है लेकिन भवन अभी भी आधा-अधूरा बना हुआ है। गांव वालों का कहना है कि सरपंच व सचिव ने भवन का काफी पैसा निकालकर गबन किया है। बार-बार भवन को पूरा करने के लिए मांग की जा रही है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अधिकारियों को चाहिए कि इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे।

### लापता का शव मिला

**कोरबा।** बालकोनगर थाना क्षेत्र के संगम नगर इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति का शव आज बेलगरी नदी के पास मिला है। वह सात दिन से लापता था। परिजनों ने उसकी जानकारी दी थी और तलाश में जुटे थे। आज सुबह एक व्यक्ति ने शव को देखा। एएसआई इमरान खान मामले की जांच में जुटे हैं।


## कुदमुरा के धान खरीदी केंद्र में घुसा दंतैल, कर्मचारियों में दहशत



**कोरबा।** जिले में हाथियों का आतंक और दहशत अनवरत जारी है। यहां के सीमावर्ती धान खरीदी केंद्र कुदमुरा में अचानक एक दंतैल हाथी के बीती रात घुस जाने से वहां तैनात कर्मचारी भयभीत हो गए। तत्काल मंडी में हाथी के आने की सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम ने हाथी को खदेड़ने की कार्यवाही की। खदेड़े जाने पर हाथी ने जंगल का रूख किया। उसके बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

खबरों के अनुसार कुदमुरा परिसर में 37 तथा चचिया में 6 की संख्या में हाथी पिछले कुछ दिनों से विचरण कर रहे हैं। कुदमुरा परिसर में विचरणरत हाथियों के दल में से एक दंतैल हाथी बीती रात दल से अलग हुआ और धान खरीदी केंद्र कुदमुरा में पहुंच गया। दंतैल ने वहां पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया। हाथी को मंडी में अचानक देख वहां तैनात कर्मियों में हड़कंप मच गया। मारे डर के वे एक स्थान पर छिपे और वन विभाग को सूचना दी। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और उत्पात मचा रहे दंतैल हाथी को खदेड़ने की कार्यवाही की। धान खरीदी केंद्र से जाने से पहले दंतैल ने वहां रखे धान की 4-5 कट्टी को क्षतिग्रस्त करने के साथ धान को भी चट कर दिया। उधर चचिया परिसर में मौजूद हाथियों ने भी जमकर उत्पात मचाया है। यहां एक ग्रामीण के बाड़ी में प्रवेश कर हाथियों के दल ने वहां लगे सब्जी के पौधों को बुरी तरह तहस-नहस कर दिया। रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन वन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

## वाहन ने बाइक को ठोका युवक की मौत, दो गंभीर



**कोरबा।** नेशनल हाईवे 130बी पर रजकममा के पास भारी वाहन ने दुपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस घटना में एक युवक की मौत हुई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं ।पीड़ितों को कटघोरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस घटना पर मर्ग और अपराध दर्ज किया है जांच पड़ताल की जा रही है।

कोरबा जिले में कटघोरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत वहां से 11 किलोमीटर दूर यह दुर्घटना हुई। बताया गया कि इस हादसे में 24 वर्षीय कोनकोना निवासी राजकुमार धनवार की मौत हुई है। इसी इलाके में अपने समाज में आयोजित एक सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजकुमार अपने दो दोस्तों के साथ गया हुआ था और कार्यक्रम के बाद लौट रहा था। राजकम्मा पहुंचने पर दूसरी दिशा से आ रहे भारी वाहन ने उसके बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में राजकुमार को काफी चोट आई और आखिरकार उसकी जिंदगी समाप्त हो गई। दुपहिया पर सवार दो अन्य लोग घायल हुए हैं ।राहगीरों के माध्यम से इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसे मौके पर पहुंच पीड़ितों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की।। कटघोरा पुलिस ने बताया कि भारी वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

## ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र में ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी

**कोरबा।** जनवरी में 31 दिन तक सड़क जागरूकता को लेकर ट्रैफिक पुलिस कोरबा जिले में काम कर रही है। अलग-अलग तरह की गतिविधियों को इसमें शामिल करने के साथ वाहन चालकों को ट्रैफिक रूल्स के बारे में जानकारी देने का काम किया जा रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र में ट्रैफिक पुलिस की टीम में पहुंचकर ड्राइविंग सीख रहे लोगों को आवश्यक मार्गदर्शन किया।

1 जनवरी से कोरबा जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम की शुरुआत की गई है और इसके अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं, बस स्टैंड, लॉजिस्टिक केंपस के अतिरिक्त ऐसे स्थान पर कार्यक्रम किया जा रहे हैं जहां पर काफी संख्या में लोगों का जमावड़ा होता है और वह किसी न किसी प्रकार के वाहन का उपयोग करते हैं। ट्रैफिक पुलिस ने इसी श्रृंखला में ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में संचालित ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र में जागरूकता कैंप का आयोजन



किया। ट्रैफिक पुलिस के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर और स्टाफ की ओर से यहां पर ड्राइविंग सीख रहे लोगों को सड़क पर चलने के नियम के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के सिगनल्स के प्रति समझ विकसित की गई। उन्हें बताया गया कि ड्राइविंग करने के साथ-साथ ऐसे सभी लोगों को ट्रैफिक रूल्स के बारे में जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। ऐसा होने से आपकी ड्राइविंग सुरक्षित रहेगी और किसी भी क्षेत्र में यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार की परेशानियों से बचा जा सकेगा। प्रशिक्षण केंद्र के संचालक वैभव कुमार के द्वारा पुलिस स्टाफ को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।



गणतंत्र दिवस के मौके पर अपने कार्यालय में ध्वजारोहण करते हुए अधिवक्ता धनेश।

## बालको में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 76वां गणतंत्र दिवस बालको स्टेडियम में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम में 9000 से अधिक लोगों ने जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। समारोह की शुरूआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार के ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुआ। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर अनुशासित मार्च पास्ट की सलामी ली। ग्राउंड में शांति और स्वतंत्रता के प्रतीक के गुब्बारे भी हवा में छोड़े गए। सीईओ श्री राजेश ने बालको द्वारा हासिल किए गए सभी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को भी दोहराया और सभी से विकास यात्रा में सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया।

बालको और टाउनशिप की सुरक्षा में हमेशा तत्पर रहने वाले सुरक्षाकर्मियों ने परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। 15 स्कूलों के लगभग 2000 बच्चों ने पी.टी. ड्रिल, परेड, नृत्य प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी की। दर्शकों ने राष्ट्र की समृद्ध संस्कृति और विविधता का जश्न मनाते हुए बालको के प्रचालन



क्षेत्र के पास के स्कूलों के जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शनों का आनंद लिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण देश की सांस्कृतिक विविधता एवं आत्मनिर्भर भारत को प्रदर्शित करने वाली झांकियों का जीवंत प्रदर्शन रहा। समुदाय के साथ संयुक्त उत्सव में बालको के विभिन्न विभाग पॉटलाइन, पॉवर प्लांट, रेलवे लॉजिस्टिक्स, एफ.एल.ए., मानव संसाधन, फायर, कॉरपोरेट अफेयर्स और सीएसआर कार्यों सहित विभिन्न व्यावसायिक कार्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली मनोरम झांकियाँ प्रस्तुत कीं। आकर्षित रूप से डिजाइन की गई झांकियां बालको के संचालन के विविध पहलुओं को प्रस्तुत करने के साथ ही समुदायों को सशक्त बनाने की उसकी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित कर रही थी। कार्यक्रम की सराहना करते हुए उत्कृष्ट झांकियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति को सम्मानित भी किया गया।

देश की एकता, अखंडता एवं विश्व बंधुत्व के मूल्यों और सामूहिक प्रगति के प्रति बालको के समर्पण को दोहराते हुए सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम अपनी वृद्धि और विकास की यात्रा के बीच औद्योगिक कौशल, पर्यावरण प्रबंधन और सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम कर्मचारियों और समुदायों के विकास को महत्व देते हैं। राष्ट्र निर्माण और दुनिया को सभी के लिए एक सस्टेनेबल भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वेदांता रिसोर्स, लंदन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशनी नायडू ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। बालको औद्योगिक क्षेत्र के विकास के साथ ही सामुदायिक विकास को महत्व देता है। उन्होंने कहा कि बालको औद्योगिक क्षेत्र में एक लीडर की भूमिका में है जो विविधता एवं समावेशी कार्यस्थल को बढ़ावा देने की दिशा निरंतर आगे बढ़ रहा है। समारोह में बालकोनगर क्षेत्र में संचालित सेंट्रल बोर्ड और छत्तीसगढ़ बोर्ड के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिए गए। कक्षा 10वीं में टॉप करने वाले 3 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 10 हजार रुपए नगद तथा कक्षा 12वीं के 2 टॉपर विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा लैपटॉप प्रदान कर उनके परिवारजनों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में परेड प्रस्तुतियों और झांकियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली टीमों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालको अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन, व्यवसाय के साझेदार, विभिन्न श्रमिक संघों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में बालकोनगरवासी कार्यक्रम में मौजूद थे। बालको के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा पाण्डे ने गंणतंत्र दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार जताया।

गणतंत्र दिवस उत्सव के उपरांत बालको के सीईओ एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित बालको अस्पताल गए। जहां सभी ने समुदाय के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व पर जोर देते हुए मरीजों के बीच फल वितरित किए।

### भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में नामों पर होगी चर्चा

**कोरबा।** आज भाजपा कोर ग्रुप की बैठक जिला कार्यालय में शाम को बुलाई गई है। जिसमें जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के नामों पर चर्चा होगी भाजपा के द्वारा एक नाम पर सहमति बनाए जाने का प्रयास होगा।

भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष बृजलाल राठिया , रामकुमार गबेल, ओमप्रकाश साहू, दिनेश राठौर, हरीश थरवानी, कुष्णा पटेल अपने अपने क्षेत्रों से नाम भेज चुके है। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा भी बैठक ली गई थी। जिसमें चुलेश्वर राठौर ,नरेश टंडन, दुष्यंत शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।










76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

संदीप सिंह ठाकुर
प्रबंधक

रामरतन साहू
धान खरीदी प्रभारी

सेवा सहकारी समिति गौद

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

जिला खनिज अधिकारी
जिला- जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
संभाग चांपा
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

संजय सिंह
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अकलतरा

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

एस पी साहू
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
उप संभाग चांपा

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

राम प्रहलाद कश्यप
धान खरीदी प्रभारी

नागेन्द्र सिंह
प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति धुरकोट

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

विरेन्द्र सिंह
प्रबंधक/प्रभारी
सेवा सहकारी समिति कर्रा

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

एम डी दीवान
विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह
जिला- जांजगीर-चांपा

विश्व गुरु भारत वर्ष के 76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

जिला खाद्य अधिकारी
जिला -जांजगीर चांपा
छत्तीसगढ़

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

रविकुमार राठौर
प्रबंधक

आशीष राठौर
धान खरीदी प्रभारी

सेवा सहकारी समिति महंत

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत नवागढ़
जिला- जांजगीर-चांपा

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग
संभाग जांजगीर
मुख्यालय चांपा
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

विश्व गुरु भारत वर्ष के 76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



-: विनीत :-
व्यास कश्यप
विधायक
जांजगीर चांपा विधानसभा क्षेत्र

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

अनुविभागीय अधिकारी
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अकलतरा

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

जिला परिवहन अधिकारी
जिला जांजगीर चांपा

76वें गणतंत्र दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई

अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन विभाग
उप संभाग बिर्रा

विश्व गुरु भारत वर्ष के 76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



-: विनीत :-
बालेश्वर साहू
विधायक
जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com